तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025



रेलवे स्टेशन गेट नंबर 3 के सामने पार्किंग स्थल बना लिया गया है।



## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर आवेदन 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड 46 गणेश नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 170 नयापारा गणेशनगर एवं वार्ड क्र 67 विद्यासागर नगर के केंद्र क्र. 80 लोधीपारा सरकंडा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 रिक्त पदों पर 4 दिसम्बर तक आवेदन कर जा सकते हैं। रिक्त पदों की जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई हैं। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफा अथवा पंजीबद्ध डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकती है।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 डा. भीमराव अम्बेडकर नगर अंतर्गत पालना केंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर हेतु पालना सहायिका के रिक्त 1 पद पर 4 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवं संबंधित वार्ड निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति भुगतान सुधार की अंतिम तिथि निर्धारित

**बिलासपुर।** जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्य शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-2024 एवं 2024-24 की बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही ऑनलाइन कर सकते हैं। शिक्षा सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 तक है।

### नहर निर्माण के लिए भू-अर्जन करने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के बेलगहना तहसील के छतौना गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम छतौना में भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया। मूल्यांकन में पाया गया कि छतौना गांव में भू-अर्जन से 2.38 एकड़ भूमि प्रभावित हो रही है जिसका समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। सामाजिक समाघात दल द्वारा यह पाया गया है कि अधोसंरचना पर कोई बाधा नहीं है तथा अधोसंरचना का कार्य प्रभावित नहीं हुआ है।

# शहर के 37 हजार घरों में ट्यूबवेल से होगी ग्राउंड वॉटर की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट की नहर में मरम्मत कार्य के चलते अमृत मिशन योजना तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई अभी कुछ दिनों तक बंद रहेगी। इस दौरान नगर निगम द्वारा शहर के लगभग 37 हजार घरों में ट्यूबवेल के माध्यम से ग्राउंड वॉटर की सप्लाई की जाएगी। खूंटाघाट से पानी नहीं आने के कारण सुबह-शाम आधा से एक घंटा की कटौती की जाएगी।

अमृत मिशन योजना तहत अभी नगर निगम द्वारा सुबह 6 बजे से 9 बजे तथा शाम को 5 बजे से रात 8 बजे तक पानी सप्लाई की जाती है। खूंटाघाट जलाशय से अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई बंद होने से पानी सप्लाई अवधि में कटौती जाएगी और सुबह-शाम आधा से एक घंटा कम पानी दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई किया जाता है।

शहर के लगभग 22 हजार घरों में यह पानी पहुंचता है। अभी खूंटाघाट जलाशय की नहर क्षतिग्रस्त हो गई है, इसकी मरम्मत कराई जा रही है, इसलिए शुक्रवार से खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई रोक दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा पहले की तरह ही ट्यूबवेल से टंकियों को भरा जाएगा, उसके बाद घरों को पानी सप्लाई की जाएगी।

» सुबह-शाम पानी सप्लाई में आधा से एक घंटे की कटौती
खूंटाघाट नहर लाइन में मरम्मत कार्य चलते अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर सप्लाई रहेगा बंद



### 22 बड़ी टंकियों को पहले भरा जाएगा

शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में नगर निगम के जल विभाग द्वारा पहले ही की तरह अलग-अलग बोर के माध्यम से इन टंकियों को पहले भरा जाएगा, उसके बाद पाइप लाइन जरिए पानी की सप्लाई की जाएगी।

### सप्लाई में की जाएगी कटौती

अमृत मिशन योजना के तहत खूंटाघाट जलाशय से कुछ दिनों पानी सप्लाई बंद रहेगी, क्योंकि जलाशय के नहर लाइन में मरम्मत कार्य चलेगा। नगर निगम द्वारा ट्यूबवेल के माध्यम से पहले की तरह पहले बड़ी टंकियों को भरा जाएगा, उसके बाद घरों में पाइप लाइन के जरिए पानी की सप्लाई की जाएगी। सुबह व शाम के समय पानी सप्लाई में कुछ कटौती भी की जाएगी।

-अनुपम तिवारी
प्रभारी, जल विभाग नगर निगम

## विजिटर राष्ट्रपति भवन से जारी हुआ नियुक्ति आदेश

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 14 साल बाद हुई रजिस्ट्रार की नियुक्ति

**सालभर पहले भेजा गया तीन नामों का पेनल, यूनिवर्सिटी के ही प्रोफेसर दीक्षित बनाए गए रजिस्ट्रार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीयू में 14 साल बाद पूर्णकालिक रजिस्ट्रार की नियुक्ति की गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर पश्चात गुरुवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से रजिस्ट्रार नियुक्ति का आदेश जारी हो गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के ही बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर अश्वनी दीक्षित की इस पद पर नियुक्ति की गई है।

नवनियुक्त प्रो. दीक्षित मूलतः सागर के रहने वाले हैं, उनकी आरंभिक शिक्षा सागर में ही हुई। गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के बाटनी डिपार्टमेंट में वर्ष 2012 में उनकी नियुक्ति हुई। नियुक्ति के बाद से वे अध्यापन कार्य में व्यस्त रहे, उनकी देखरेख में अनेक शोध किए गए। एक साल पहले सीयू में रजिस्ट्रार पद के लिए इंटरव्यू पश्चात तीन नामों का पेनल गोपनीय तरीके से भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। इस पेनल में यूनिवर्सिटी के बॉटनी डिपार्टमेंट के प्रो. अश्वनी दीक्षित समेत यूनिवर्सिटी के ही डिप्टी रजिस्ट्रार सूरज मेहर व डॉ. रत्नेश सिंह का नाम शामिल था। चूंकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है इसलिए शिक्षा मंत्रालय से ये पेनल राष्ट्रपति भवन भेजा गया था। राष्ट्रपति भवन से प्रो. अश्वनी दीक्षित के नाम पर रजिस्ट्रार पद की मुहर लगने के बाद गुरुवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। इसमें सीयू एक्ट 2009 के प्रावधानों के अंतर्गत तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रो. दीक्षित को प्रथम रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।




तीन कुलपति, दो प्रभारी का कार्यकाल गुजरा, रजिस्ट्रार की नहीं हुई नियुक्ति

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### सात प्रोफेसर संभाल चुके कार्यवाहक रजिस्ट्रार की कुर्सी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अभी तक एक डिप्टी रजिस्ट्रार व सात प्रोफेसर रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने तक पूर्णकालिक रजिस्ट्रार केके चन्द्राकर पदस्थ थे और वे एक साल सीयू के रजिस्ट्रार रहे, उसके बाद वे राज्य शासन के सेवा में वापस लौट गए। श्री चन्द्राकर के सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जाने के बाद कुछ दिनों के डिप्टी रजिस्ट्रार एचएन चौबे को प्रभार दिया गया था, उसके बाद प्रोफेसरों को प्रभारी रजिस्ट्रार बनाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अभी तक चल रहा है। प्रो. आईडी तिवारी, प्रो. एमएसके खोखर, प्रो. बीएन तिवारी, प्रो. शैलेन्द्र कुमार से लेकर प्रो. मनीष श्रीवास्तव प्रभारी रजिस्ट्रार रह चुके हैं। प्रो. मनीष श्रीवास्तव दो बार रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। वर्तमान में गणित विभाग के सीनियर प्रोफेसर एएस रणदिवे रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत हैं।

### कई बार निकाला गया था विज्ञापन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्ष 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड हुआ था, विवि द्वारा रजिस्ट्रार पद के लिए कई बार विज्ञापन निकाला गया। सबसे पहले कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी के कार्यकाल में विज्ञापन निकाला गया था, उसके बाद पूर्व कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता के कार्यकाल में भी इन दोनों पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। वर्ष 2021 में फायनेंस अफसर और रजिस्ट्रार पद के लिए तीन वर्षो के लिए सावधिक आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इनमें से कुछ बार तो प्रक्रिया इंटरव्यू तक पहुंची, उसके बाद यूनिवर्सिटी को योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के कार्यकाल में भी दो बार रजिस्ट्रार पद के लिए विज्ञापन निकाला गया था।

### आज ही पहुंचा आदेश

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति हो गई है। यूनिवर्सिटी से पिछले साल इंटरव्यू के बाद उम्मीदवारों का पेनल भेजा गया था और आज ही शिक्षा मंत्रालय से नियुक्ति आदेश पहुंचा है। प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति विजिटर राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। इसके बाद जब भी रजिस्ट्रार नियुक्ति होगी यूनिवर्सिटी से होगी।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

**सकरी सैदा मार्ग पर हुआ हादसा**

# तेज रफ्तार बाइक-स्कूटी में भिड़ंत, दो की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोसाइटी से सामान लेकर निकल रहे स्कूटी सवारों को तेज रफ्तार बाइक सवारों ने जबरदस्त टक्कर मार दी, हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं दो लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पतल में भर्ती कराया गया है।



सकरी थाना के एसआई हेमंत आदित्य ने बतया, मेंड्रा निवासी गुलाबचंद शर्मा पिता स्व. रामाधीन शर्मा 74 साल रघुवंशमणी के साथ राशन सामान लेने सैदा सोसाइटी आए थे। दोपहर 3 बजे राशन लेने के बाद दोनों स्कूटी से वापस गांव लौटने के लिए निकले। इसी दौरान तेज रफ्तार से चल रहे बाइक सवार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे बाइक व स्कूटी सवार दूर फेंका गए। हादसे में गुलाबचंद शर्मा व बाइक चालक मेंड्रा निवासी प्रमोद टाण्डे पिता राकेश टाण्डे 18 साल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे रिषभ भास्कर व स्कूटी चला रहे रघुवंशमणी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही सकरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों मृतकों के शव को उठवाकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मौके पर पड़ी बाइक व युवक।

### शासकीय वाहन ने स्कार्पियो को मारी टक्कर

सकरी पुलिस के अनुसार, शाम 5 बजे शासकीय वाहन डिजायर सीजी 02 एक्यू 1258 सकरी शराब दुकान के पास खड़ी हुई थी। इसी दौरान स्कार्पियो सवार रतनपुर निवासी लव सिंह ठाकुर ने शराब दुकान जाने के लिए शासकीय वाहन के चालक को रास्ते से हटाने के लिए कहा। इसी बात पर उनके बीच विवाद हो गया। शासकीय वाहन देखकर लव सिंह ठाकुर मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया। जिससे चालक शासकीय डिजायर लेकर भागने लगा। लव सिंह ठाकुर ने पीछा करते हुए वीडियो बनाया। इससे आसमा सिटी के पास शासकीय वाहन के चालक ने स्कार्पियो को टक्कर मार दी, जिससे लव सिंह ठाकुर को चोट आई है। पुलिस ने शासकीय वाहन के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# हाईकोर्ट ने सड़कों की बदहाल स्थिति पर पीडब्लूडी सचिव से मांगा शपथ पत्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की सड़कों की बदहाल स्थिति के मामले में गुरुवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सुनवाई दौरान शासन की ओर से बताया गया कि सड़कों की डिजाईनिंग और सुरक्षा माड्यूल के बारे में एनआईटी की लिखित एडवायजरी रिपोर्ट दो सप्ताह में मिल जाएगी। हाईकोर्ट ने मामले में लोक निर्माण विभाग के सचिव से शपथ पत्र पर जवाब मांगा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रदेश की सड़कों की बदहाल स्थिति पर लंबे समय से हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट ने पूर्व में रायपुर के धनेली से सडडू, जोरा तक जाने वाली सड़क के कार्य को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा था कि 6 महिने से ज्यादा समय हो गया, कितना समय लग रहा है। सेंदरी बायपास के काम को लेकर भी नेशनल हाईवे प्रबंधन सहित अन्य को शपथ पत्र में जवाब देने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच में इस मामले में सुनवाई हुई, जिसमें शासन की ओर से बताया गया कि प्रदेश में जगह-जगह खराब सड़कों के अलावा अव्यवस्थित ट्रेफिक को लेकर भी नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी रायपुर से विधिवत सलाह मंगाई गई थी। इस पर चीफ जस्टिस ने साफ कहा कि एक-दो साल में यह मिल जाएगी। शासन ने स्पष्ट करते हुए बताया कि आगामी दो सप्ताह के भीतर एनआईटी की पूरी रिपोर्ट मिल जाएगी। इसके अनुसार ही प्रदेशभर में सड़कों पर यातायात और सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट कमिश्नरों ने कोर्ट को बताया कि अब भी राज्य में कहीं-कहीं बहुत खराब हाल है। इस बात को कोर्ट ने गंभीरता से लिया और शासन से इसका निदान कराने कहा। मालूम हो कि इस मामले में ही आज शासन की ओर से शपथ पत्र आने वाला था। कोर्ट ने सुनवाई पूरी करते हुए लोक निर्माण के सचिव से अगली सुनवाई तक शपथ पत्र पर विस्तृत जानकारी मंगाई है, जिसमें पूरे राज्य में खराब सड़कों को लेकर क्या कदम उठाए जाएंगे इसकी जानकारी दी जाएगी।



■ शासन ने बताया दो सप्ताह में मिलेगी एनआईटी की लिखित एडवायजरी रिपोर्ट



# ठंड की रफ्तार पड़ी धीमी दो डिग्री बढ़ा पारा

**बिलासपुर।** मौसम एक बार फिर बदलने लगा है। जहां पिछले 5 दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही थी, वहीं गुरूवार को तापमान 2 डिग्री बढ़ गया, जिससे ठंड की रफ्तार धीमी हो गई और लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहेगा।



गुरूवार को ठंड में मामूली बढ़त देखी गई, इस दौरान जहां सुबह आसमान पूरी तरह खूला रहा, वहीं तापमान में 2 डिग्री की बढ़त दर्ज की गई। शाम को भी आम दिनों की अपेक्षा ठंड कम रही। इस दौरान न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि पिछले 5 दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही थी। उत्तर व मध्य भारत से आ रही ठंड में कमी देखी जा रही है, जिसके प्रभाव के चलते ठंडी हवा भी धीमी पड़ चुकी है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों के बाद एक बार फिर ठंड का कहर देखने को मिलेगा।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................
3. जन्म तिथि अंकों में .................. 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................
थाना .................. जिला .................. पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### एसबीआई मुख्य शाखा में मना पेंशनर्स डे, ग्राहकों का जताया आभार



**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में पेंशनर्स डे का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई के महाप्रबंधक दीपक शेखर प्रेम ने एसबीआई पेंशनर्स की बैठक ली। सर्वप्रथम सहायक महाप्रबंधक ने पेंशनस एसोसिएश सर्किल के सह सचिव योगेश तिवारी, सचिव मिहीर नाग का स्वागत किया। । उन्होंने एसबीआई में सहयोग देने के लिए उनकी जमकर सराहना की। डिजीटल लाइफ प्रमाणपत्र एवं अन्य प्रोडक्ट की जानकारी दी। योगेश तिवारी ने कहा कि वे इस शाखा में मुख्य प्रबंधक रहे है। । पेंशनर्स का सहयोग हमेशा ही रहेगा मिहीर नाग और। सेवानिवृत एजीएम जमील अहमद ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### कलेक्टर ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज शहर के तोरवा इलाके का दौरा कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन लिया। उन्होंने नजदीक के स्कूल में स्थित मतदान केन्द्र में बीएलओ की बैठक लेकर उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंनें सभी बीएलओ को तय समय पर और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। गणना प्रपत्रों को तुरंत ऑनलाइन अपडेट करने कहा है। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर कुछ मतदाताओं से भी चर्चा कर अभियान की जानकारी ली। उन्हें बीएलओ को कार्य में सहयोग करने कहा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गत 4 नवम्बर से शुरू यह विशेष पुनरीक्षण अभियान आगामी 4 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं से सम्पर्क कर गणना पत्रक उपलब्ध कराने के साथ ही भरे हुए पत्रक संकलित करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम शिवकुमार बनर्जी, अतिरिक्त तहसीलदार आकाश गुप्ता, जोन अफसर भी उपस्थित थे।

### किसानों को मिली ऑयल पाम योजना की तकनीकी जानकारी



**बिलासपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पाम योजना संचालित है। जिले में ऑयल पाम की व्यावसायिक खेती की संभावनाओं को देखते हुए इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दिशा में ऑयल पाम किसानों को आर्थिक सहायता के साथ तकनीकी मार्गदर्शन को बढ़ावा देने के लिए जिले के 120 किसानों के द्वारा कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत महासमुंद के ग्राम भलेसर में कृषक मुकेश चंद्राकर के ऑयल पाम प्रक्षेत्र में उद्यानिकी विभाग एवं अनुबंधित कंपनी प्रीयूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विकासखण्ड बिल्हा के 30, तखतपुर के 30, मस्तूरी के 30 एवं कोटा विकासखंड क्षेत्र के 30 किसानों को भ्रमण कराया गया। कृषकों के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य उद्यानिकी विभाग में संचालित ऑयल पाम योजना की तकनीकी जानकारी देना। ऑयल पान की खेती में आ रही चुनौतियों, सरकारी सहायता की आवश्यकता, विपणन सुविधाएँ एवं बेहतर उपज प्राप्त करने एफएफबी से संबंधित जानकारी देना था। इस भ्रमण कार्यकम में उप संचालक उद्यान डॉ. कमलेश दीवान, विकासखण्ड बिल्हा से ग्रा.उ.वि.अधि श्रवण कुमार साहू, शिशिर साहू, मनीष केरकेट्टा, मनीष साहू, अविनाश पैकरा आदि मौजूद थे।

### मधुमेह शिविर में निःशुल्क जांच लायंस क्लब वसुंधरा का आयोजन




**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने डॉ अपर्णा मिश्रा के सहयोग से निशुल्क मधुमेह शिविर लगाया। इसमें सरकंडा स्थित मॉडर्न हाईस्कूल के स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों के पेरेंट्स ने मधुमेह जांच कराई। इसमें लगभग 50 लोगों की निःशुल्क जांच की गई। संस्था की अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने बताया कि इस स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया था। इससे बच्चों के साथ ही अभिभावकों की भी उपस्थिति थी। वहीं डिस्ट्रिक्ट से प्राप्त प्रोजेक्ट पूर्व गवर्नर सुधीर जैन के आदेश अनुसार उनके द्वारा प्रत्येक क्लब को प्रदत्त डायबिटिक किट एवं बैनर के साथ डायबिटिक चेकअप कैंप का आयोजन करना था इसलिए वसुंधरा परिवार ने बाल दिवस भी मनाया और निःशुल्क शिविर भी लगाया। वहीं ढाई सौ बच्चों को मिठाई और पेन का वितरण भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, मंजुला शिंदे, मंगला कदम, संजना मिश्रा का सहयोग रहा।

### जांगड़े छग राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्य निर्वाचित



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद चुनाव वर्ष 2025 में 25 सदस्यों का निर्वाच्न होना है इसके लिए 523 वोट और कोर्ट वेन्यू 52300 कोटा में निर्धारितकिया गया। जिसमें अधिवक्ता चंद्रप्रकाश जांगड़े द्वारा 20 नवंबर को निर्धारित कोटा हासिल कर छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के चुनाव में जीत हासिल की है। वे दूसरी बार परिषद का चुनाव जीते हैं।

---

**जिले में कुल 140 खरीदी केंद्र** — तेज हुई धान खरीदी की गति, 403 किसानों ने बेचा धान

# 131 केन्द्रों में 15 हजार क्विंटल धान की खरीदी, 737 किसानों ने लिया टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



सहकारी समितियों में धान खरीदी का जोर अब पकड़ने लगी है। गुरूवार को जिले के कुल 140 खरीदी केंद्रों में से 131 केंद्रों में खरीदी की गई। इस दौरान 403 किसानों से 15 हजार 844 क्विंटल धान खरीदा गया।

सहकारी समितियों में किसानों की संख्या एवं खरीदे गए धान की मात्रा के मद्देनजर जिले में अब धान खरीदी कार्यों में तेजी नजर आने लगी है। जिले में उपार्जन केंद्रों की कुल संख्या 140 है, जिसमें गुरूवार को 131 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की गई। इन केन्द्रों में 403 किसानों द्वारा 15 हजार 844 क्विंटल धान बेचा गया। धान खरीदी प्रारंभ होने के दिनांक से अब तक की बात की जाए तो 25 हजार 226 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी किए गए धान की कुल कीमत 78 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। शुक्रवार को धान बेचने के लिए जिले के 737 किसानों ने टोकन लिया है, जो 89 केंद्रों में धान बेचने पहुंचेंगे। शुक्रवार को कटवाए गए टोकन को ध्यान में रखकर 32 हजार क्विंटल धान की खरीदी होने की संभावना जाहिर की गई है।

#### कर्मचारियों की वापसी का असर?

बुधवार तक सीमित केंद्रों में सीमित खरीदी करने के बाद गुरूवार को सीधे 131 केंद्रों में खरीदी होना कहीं ना कहीं हड़ताली कर्मचारियों की वापसी भी एक बड़ी वजह हो सकती है। इससे पहले तक ज्यादातर केंद्रों में हड़ताली कर्मचारियों की वापसी नहीं हुई थी, जिससे टोकन कटवा चुके किसानों द्वारा भी धान बेचे बिना समितियों से लौटना पड़ रहा था। अब एकाएक बढ़ोतरी नजर आने लगी है।

#### एग्रीस्टेक में पंजीयन तिथि बढ़ी, हो सकेगा रकबा संशोधन

किसानों की परेशानी को ध्यान में रखकर शासन द्वारा एग्रीस्टेक पंजीयन एवं रकबा संशोधन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। अब किसानों को 25 नवंबर तक पंजीयन एवं संशोधन कराने का अतिरिक्त समय दिया गया है।

#### खरीदी में आ रही गति

गुरूवार को जिले के कुल 140 उपार्जन केंद्रों में से 131 केंद्रों में धान की खरीदी की गई है, जो कि केंद्रों की कुल संख्या का 94 प्रतिशत है। केंद्रों में धान खरीदी का काम अब अपनी गति में आ चुका है।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

---

वाहन डीलर्स की लापरवाही रोकने परिवहन विभाग ने दिया आदेश

# नहीं चलेगी फोटो कापी, आरसी के लिए ओरिजनल दस्तावेज होंगे स्कैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




परिवहन विभाग धीरे-धीरे डिजिटलाइजेशन और पेपर लेस प्रक्रियाओं में आगे बढ़ रहा है। हाल ही में कुछ वाहन डीलर्स नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन के लिए मूल दस्तावेज की जगह फोटो कॉपी अपलोड कर रहे हैं, ऐसे में कई लोगों को आरसी मिलने में जबरिया विलंब होता है, इसे देखते हुए विभाग ने सभी आरटीओ को निर्देश जारी किए गए हैं। अब नई कवायद के तहत दस्तावेजों को अपलोड कर वाहन स्वामियों के सुपुर्द किया जाएगा। साथ ही नए आरसी के लिए दस्तावेज के भौतिक प्रस्तुतीकरण पर रोक लगाई गई है।

परिवहन विभाग में वाहन 4 साफ्टवेयर आने के बाद वाहन आरसी के लिए रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज डीलर द्वारा पोर्टल में अपलोड किया जाता है, लेकिन कुछ डीलर ओरिजनल की जगह फोटो कापी को ही अपलोड कर रहे हैं। ऐसे में आरटीओ द्वारा भौतिक दस्तावेजों की मांग की जाती रही है। इसे रोकने के लिए फेडरेशन ऑफ डीलर्स एसोसिएशन ने परिवहन को पत्र लिखा है, जिस पर विभाग द्वारा अब आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार अब विक्रेता,डीलर को दस्तावेज को नस्ती कर अपलोड किया जाएगा साथ ही समस्त दस्तावेज अब परिवहन कार्यालय के बजाए वाहन स्वामी को रखना होगा।

भविष्य में पंजीयन अधिकारियों के द्वारा फाइल मांगने पर वाहन स्वामी को ही दस्तावेज दिखाने होंगे। वहीं पंजीयन के बाद वाहन विक्रेता, डीलर को वापस की गई नस्तियों की पावती व संधारण की जिम्मेदारी संबंधित पंजीयन प्राधिकारी की होगी। वहीं आरटीओ को समय-समय पर डीलर के शो-रूम का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं लापरवाही बरतने वाले डीलर्स पर मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने के आदेश जारी किया गया है।

#### यह होती थी समस्या

डीलर प्वॉइंट रजिस्ट्रेशन में मूल दस्तावेजों को नियमानुसार स्कैन कर अपलोड नहीं किया जाता है, भविष्य में पूर्ण डिजीटलाइजेशन व पेपरलेस प्रक्रिया का क्रियान्वयन विभाग द्वारा किया जाना है। ऐसे में ऑनलाइन रिकार्ड की आवश्यकता पड़ने पर दस्तावेज स्पष्ट नहीं होने, संदेहास्पद, त्रुटिपूर्ण प्रतीत होते हैं। न्यायालयीन प्रकरणों में दस्तावेज उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है।

#### समस्या दूर करने कहा गया है

आला अधिकारियों से निर्देश प्राप्त हुआ है, टीम को डीलर्स पाइंट पर चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इस व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को सही करने कहा गया है। भविष्य वाहन मालिकों को वाहन से संबंधित दस्तावेज दिखाने होंगे। डीलर्स या कार्यालय में महज ऑनलाइन ऑरिजनल डाटा ही स्टोर किया जाएगा।

**-असीम माथूर**
आरटीओ, परिवहन विभाग

---

एजुकेशन प्लस

### आकाश इंस्टीट्यूट ने टॉपर्स का किया सम्मान



**बिलासपुर।** परीक्षा-तैयारी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) और आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एन्थे ) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बिलासपुर के छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया।

समारोह में 40 से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। 17 टॉपर्स कक्षा 12 से रहे। आईओक्यूएम में बिलासपुर के छात्रों ने गणितीय दक्षता का परिचय दिया। केंद्र से कुल 18 छात्रों ने आईओक्यूएम परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की, जिनमें कक्षा 10 के 13 छात्र शामिल हैं। इन 18 छात्रों में से 9 राष्ट्रीय प्रमाणपत्र के लिए योग्य और 9 केवल आरएमओ योग्य घोषित किए गए। समारोह में रौनक साहू, तनुप्रिया, अनुज चनानी, श्रेयांश शेखर, सौमिल साहू, उउजन कुंडू, शौर्य साहू, अभिनव यादव, अपूर्वा सरकार, अरना कश्यप, पल्लवी मिश्रा, अथर्व गोंडाने सहित कुल 40 से अधिक छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एईएसएल के रीजनल डायरेक्टर अजय बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रों की उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और आकाश के शिक्षण तंत्र में उनके विश्वास का प्रतीक है।

### एरीना के चार छात्रों ने जीता ज़ोनल अवॉर्ड




**बिलासपुर।** इंदौर में आयोजित क्रिएटिव माइंड 2025 – इंदौर के वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में एरीना एनीमेशन बिलासपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गौरव हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में बिलासपुर के कुल 28 छात्रों ने भाग लिया, जबकि 10 छात्रों ने इंदौर कार्यक्रम का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य लाभ मंडपम ऑडिटोरियम, रेसकोर्स रोड इंदौर में हुआ। इसमें बिलासपुर के चार छात्रों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर ज़ोनल अवॉर्ड प्राप्त कर जिले और एरीना एनीमेशन बिलासपुर का नाम रोशन किया। सीनेमटिक सीन विथ अनरीयल श्रेणी में कशिश गेहानी, अश्मिता पाटिल और ध्रुवी पारिख ने अनरीयल इंजिन पर सिनेमैटिक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए ज़ोनल विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। वहीं ब्रांड आइडेंटटी डिजाइन श्रेणी में सुजल जायसवाल ने अवॉर्ड हासिल किया। इन उपलब्धियों ने बिलासपुर के युवा कलाकारों की तकनीकी दक्षता और पेशेवर दृष्टिकोण को एक बार फिर प्रमाणित किया है। कार्यक्रम में एक एवीजीसी उद्योग के प्रसिद्ध निर्देशक और एनीमेशन विशेषज्ञ वैभव कुमारेश का प्रेरक और ज्ञानवर्धक सेमिनार रहा।

उन्होंने उन्नत तकनीकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। एरीना एनीमेशन बिलासपुर के निदेशक ने बताया कि यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक अद्भुत अनुभव है। बिलासपुर एरीना एनीमेशन के केंद्र निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को भी मजबूत करती है।

---

## विद्यार्थी जीवन में गीता का महत्वपूर्ण योगदान : अग्रवाल

■ भोपाल के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक डॉ विजय कुमार अग्रवाल ने रमन विवि में बताया गीता का विद्यार्थी जीवन पर महत्व

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में विद्यार्थी जीवन में गीता ज्ञान विषय पर एक दिवासीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक भोपाल डॉ विजय कुमार अग्रवाल ने गीता के विद्यार्थी जीवन पर महत्व को विद्यार्थियों से साझा किया।

यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र, भाषा एवं साहित्य विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि आपका कर्म ही आपका धर्म है। आप जिस जगह अपनी आइडेंटिफिकेशन में रहेंगे वही आपका कर्म होगा और यह धर्म ही, वास्तव में आपका धर्म है । उन्होंने बताया कि जब तक आप अपनी आइडेंटिफिकेशन में रहेंगे और उसी आधार पर निर्णय लेंगे तब तक वह निर्णय सही होगा। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में अर्जुन एक योद्धा के रूप में रणभूमि में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद वह सामने योद्धाओं को अपने नातेदार और रिश्तेदार के रूप में देखने लगा। तभी अर्जुन के जीवन में हर निर्णय की स्थिति बनी, उन्होंने कहा कि गीता कोई उपदेश नहीं है। गीता तो ज्ञान है। ज्ञान और उपदेश में अंतर होता है।




#### वेद पुराणों से विद्यार्थियों को एक आदर्श जीवन की मिलती है प्रेरणाः घोष

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से समस्त विद्यार्थियों के अध्ययन, अध्यापन के लिए विश्वविद्यालय कार्य कर रहा है, ताकि हम भारतीय ज्ञान, और वेद पुराणों से विद्यार्थियों को एक आदर्श जीवन की प्रेरणा दे सकें । उन्होंने कहा कि डॉ विजय कुमार अग्रवाल के ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी । विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र स्थापित किया गया है। यहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ पौराणिक ज्ञान से भी सिंचित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ प्रीति अग्रवाल, डॉ वेद प्रकाश मिश्रा एवं डॉ ब्रम्हेश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### मंडल में कचरा प्रबंधन पर विशेष अभियान

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिसर एवं चलती ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता-जागरूकता एवं प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली गाड़ियों में तैनात ओबीएचएस स्टाफ एवं पैंट्रीकार कर्मचारियों को वाणिज्य विभाग के सुपरवाइजरों, वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा गार्बेज डिस्पोजल मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रतिदिन मंडल के बिलासपुर, उसलापुर, रायगढ़, अनूपपुर, शहडोल सहित सभी प्रमुख स्टेशनों से गुजरने वाली विभिन्न गाड़ियों के ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग स्टाफ, पैंट्रीकार व क्लीन ट्रेन स्टाफ से संवाद स्थापित कर गाड़ियों में कचरा संग्रहण, वर्गीकरण, सुरक्षित निस्तारीकरण, यात्रियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने तथा ट्रेनों में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से पूरे बिलासपुर मंडल में चलाया जा रहा है।

### सकरी में प्रज्ञा पुराण कथा व गायत्री महायज्ञ आज से

**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ सकरी की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 21 से 25 नवंबर तक शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान सकरी में रखा गया है। इसमें प्रतिदिन साढ़े 8 से 11 बजे तक 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार एवं अपरान्ह 3 से 7 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा होगी। प्रज्ञा पुराण के कथावाचक के रूप में गायत्री शक्तिपीठ वाराणसी के अनिलेश तिवारी भोलेश्री की संगीतमय टोली का आगमन हो रहा है। यज्ञ को सफल बनाने गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, उपजोन बिलासपुर के सह-समन्वयक रामकुमार श्रीवास, मोहन अग्रवाल, द्वारिका पटेल, जागेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू , पी.एल. कुर्मी, ब्लॉक समन्वयक साधुराम कौशिक, उधोराम प्रजापति, सोनसाय, बृजेश साहू आदि जुटे हैं।

---

# नौकरी, मुआवजे के लिए विस्थापितों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




एसईसीएल ने खदान विस्तार करने के लिए किसानों की जमीन तो ले ली, लेकिन उन्हें मुआवजा और नौकरी नहीं दी। इसकी मांग को लेकर भूस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते हुए नौकरी व बसाहट के साथ मुआवजा देने मांग की।

एसईसीएल कुसमुंडा, गेवरा, दीपक, कोरबा खदानों से प्रभावित भूस्थापित किसानों ने अपनी लंबित रोजगार फाइलों, बसाहट और मुआवजे की मांग को लेकर एसईसीएल मुख्यालय का घेराव कर दिया। भारतीय संख्या में ग्रामीण किसान सुबह से ही मुख्यालय गेट के सामने पहुंचने लगे। दोपहर को धरना प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया। छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू स्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में हो रहे महाघेराव के पीछे कई वर्षो से लंबित रोजगार प्रकरण सबसे बड़ा मुद्दा था। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एसईसीएल ने उनके क्षेत्र में कोयला खदान विस्तार करने के लिए जमीन अधिग्रहण कर ली। किसानों की जमीन लेने के बाद उन्हें मुआवजा और रोजगार देने की बात एसईसीएल के अफसरों ने कही थी। एसईसीएल स्थापित के समय नियम था कि प्रत्येक को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन उसमें बदलाव करते हुए 2 एकड़ जमीन कर दिया गया। इसमें छोटे किसान ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, जिनका रोजगार पूरी तरह से मार खा गया। जमीन अधिग्रहण के बाद फाइल वर्षो से धूल खा रही है। छोटे खातेदारों को रोजगार नहीं मिला है और हजारों विस्थापित अब भी अपनी जीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण धरना प्रदर्शन में मौजूद थे।

### एयू दीक्षांत समारोह में लाखों रुपए खर्च करने पर एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को एनएसयूआई ने दीक्षांत समारोह में लाखों रुपए खर्च करने को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। एनएसयूआई ने दीक्षांत समारोह के नाम पर यूनिवर्सिटी द्वारा लाखों रुपए दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए भंडार क्रय नियम का पालन करने की मांग की है।

इस मुद्दे को लेकर एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ता आज अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे और विरोध प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिम गौतम से मिलकर यूनिवर्सिटी के फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की मांग की। इन लोगों का कहना है कि बिना निविदा, प्रकाशन प्रक्रिया किए तथा कार्य परिषद की स्वीकृति और निर्णय के पूर्व ही डोम, टेंट के लिए टेंडर कर दिया गया। दीक्षांत समारोह में 60 लाख से अधिक राशि खर्च कर तत्काल रोक लगाए। उनका कहना है कि अन्य राजकीय यूनिवर्सिटी पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी, हेमचंद यूनिवर्सिटी जैसी प्रक्रिया अपनाकर कम से कम व्यय कर छात्रहित में पैसों का उपयोग किया जाए। उन्होंने यह भी बात रखी कि यूनिवर्सिटी कैंपस में हास्टल जैसी सामान्य सुविधा तक उपलब्ध नहीं है तथा आज तक नैक नहीं करा पाए हैं। दीक्षांत समारोह सहित समस्त खरीदी और अन्य कार्य के लिए पूर्ण पारदर्शिता और छात्रों के पैसे के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए भंडार क्रय नियम का पूर्णतः पालन करें। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, सुमित ठाकुर, सौरभ घृतलहरे, विनीता विश्वकर्मा, यशोदा वारे, साईना बर्मन, राजा खान, आयुश तिवारी, आदित्य अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, रेहान खान आदि उपस्थित रहे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255


## मूक-बधिर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

केश सज्जा स्पर्धा में 4 मूक-बधिर बच्चों ने भाग लेकर विविध तरह की चोटियां बनाकर अपनी कला प्रतिभा दिखाई। इसमें दुल्हन चोटी को सभी ने पसंद किया। उनके साथ आईं शिक्षिकाओं ने बताया कि पढ़ाई के साथ ही इन बच्चों को साल भर अन्य एक्टिविटीज भी कराई जाती है। इसमें से एक केश सज्जा भी है।



परीक्षा

## अमीन पदों की भर्ती परीक्षा 7 को, 38 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी देंगे एग्जाम

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों पर भर्ती की परीक्षा 7 दिसंबर को बिलासपुर सहित प्रदेश के 16 जिलों में एक साथ होगी। जिसमें सभी जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। बिलासपुर में 38 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी 126 केन्द्रों में शामिल होकर परीक्षा देंगे।

जिला प्रशासन द्वारा व्यापम के निर्देशों के अनुरूप पुख्ता तैयारी की जा रही है। व्यापम ने निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण आयोजन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने ड्रेस कोड के पालन पर विशेष जोर दिया है। परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा केंद्र में आने का आग्रह किया है। व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम के लिए निर्देशित किया गया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है, जिससे परीक्षा के दिन उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश है ताकि फोटोयुक्त मूल पहचान से उनकी जांच की जा सके।

### चप्पल पहनना होगा अनिवार्य

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ मान्य फोटो पहचान पत्र आधार/पैन, ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी लाना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र में चप्पल ही पहनकर आने की सलाह दी गई है। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, नथ, झुमके आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल, घड़ी, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन के साथ ही पाउच, स्कॉर्फ व किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। परीक्षा में नकल या किसी भी अनैतिक साधन के उपयोग पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# स्वदेशी मेले के अंतिम दिन उमड़े लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम का लिया आनंद





### शामिल हुए सांसद बृजमोहन वनमंत्री केदार कश्यप

मंत्री केदार कश्यप (मुख्य अतिथि) पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला, रूप सायसलाम, लखन लाल साहू, आशीष जायसवाल, बबलू खंडेलवाल, मनोज भंडारी ने मंच को सुशोभित किया । मेला संयोजक गुलशन ऋषि, सह संयोजक डॉ देवेंद्र कौशिक, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिंद्र उपाध्याय, स्वागत समिति अध्यक्ष प्रवीण झा, स्वागत समिति सचिव, कमल सोनी, लता गुप्ता, अरुणा दीक्षित, डॉ नीता श्रीवास्तव, सुमित्र गुप्ता, प्रफुल्ल शर्मा, गोपाल शर्मा,डॉ ललित मखीजा, सहित स्वदेशी मेला समिति के सदस्य, मंच संचालन भृगु अवस्थी सभी प्रायोजकों आगुन्तको एवं सहभागियों काआभार -डॉ नीता श्रीवास्तव ने दिया। कमल सोनी ने स्वदेशी मेला 2025 के अधिकृत समापन की घोषणा की।

### समापन पर मेले में उमड़ी भीड़

मेले के समापन पर लोगों की भारी भीड़ रही। सभी जमकर खरीददारी करने में लीन रहे। कुछ खाने-पीने में मशुल रहे तो बच्चे झूले का आनंद लेते रहे। मेले को लेकर सभी में काफी उत्साह दिख रहा था। बताया गया कि मेले का आनंद लेने शहर सहित दूर-दूर से लोग आए और देर रात तक घूमते रहे।

### प्रतिनिधियों ने की सराहना

**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले के अंतिम दिवस गुरुवार को केश सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महिलाओं, युवतियों एवं मूक-बधिर बच्चों ने उत्साह से भाग लेकर कई तरह के जूड़े सजाए। इसमें ब्राइडल व इण्डियन जूड़े ज्यादा पसंद किए गए।

प्रतियोगिता प्रभारी पार्षद वंदना चंद्रिकापुरे, पूजा खत्री, रीना गोस्वामी एवं चंचल कुशवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक चली। इस समय अवधि में सभी प्रतियोगियों ने विविध तरह के जूड़े सजाए। इसमें इंगेजमेंट ब्राइडल हेयर स्टाइल, दुल्हन चोटी, इण्डियन जूड़े, हॉफ सागर चोटी सहित अन्य स्टाइलिश जूड़े शामिल रहे। सभी जूड़े व चोटियों को फूल, कलर फूल पिन, फीते, मोतियों से आकर्षक ढंग से डेकोरेट किया गया था। जिससे वह काफी अच्छा लग रहा था। निर्णायक लवली सिंह, पूजा ने सभी प्रतिभागियों की कला प्रतिभा को देखी और स्टाइल व सजावट के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान दिया। इसके अलावा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

## स्वदेशी मेले के अंतिम दिन हुई केश सज्जा प्रतियोगिता

## सजाए स्टाइलिश ब्राइडल, इण्डियन जूड़े





**इनकी रही उपस्थिति:** इस मौके पर अरूणा दीक्षित, किरण मेहता, मीना गोस्वमी, रमा, चानी ऐरी, पुष्पिका गोस्वामी, रीटा भामरा, उषा भांगे, प्रीति पानसे, प्रभा बाजपेयी, जूही, कविता वर्मा, पूनम श्रीवास, मीनाक्षी बोबर्डे, लोकेश्वरी राठौर की उपस्थिति रही।

### गांव से भी आए प्रतिभागी

केश सज्जा स्पर्ध में भाग लेने गांव से भी प्रतिभागी पहुंचीं। ग्राम मटियारी से आई एक प्रतिभागी ने इंगेजमेंट ब्राइडल हेयर स्टाइल बनाई। यह दिखने में काफी आकर्षक लग रही थी। प्रतियोगी ने बताया कि इस हेयर स्टाइल को ऊपर, नीचे, साइड में कहीं भी बनाया जा सकता है। सभी जगह बनने के बाद लुक आ जाता है। इसे अलग-अलग डिजाइन में भी बनाया जा सकता है। महिलाएं, युवतियां अपनी पसंद के अनुसार इसे बनवाती हैं।

कार्यक्रम

## मोर छत्तीसगढ़ धरती सुहानी गोष्ठी में कवियों ने पढ़ी कविताएं



**बिलासपुर।** छंद शाला की मासिक काव्य गोष्ठी संस्था की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के नर्मदा नगर स्थित निवास स्थान में आयोजित की गई। इसमें उपस्थित सभी कवियों ने अपनी कविताएं पढ़ी।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बुधराम यादव, विशिष्ट अतिथि मंत राम यादव थे। अध्यक्षता एस कपूर नूर ने की। गोष्ठी की शुरुआत में मधु मालती ने प्रेम दीवानी राधा कृष्ण के प्रेम पर.., छंद में डॉ ललिता यादव ने गीत-मधुबन बसी प्रिय राधिका.. पेश किया। अवधेश अग्रवाल ने कविता-छत्तीसगढ़िहा सबले बढ़िहा नो हे केवल हाना.. सुनाई। वरिष्ठ साहित्याकार शैलेन्द्र गुप्ता ने वर्तमान परिवेश पर नवगीत-शब्द सब बिखरे हुए हैं, गीत कैसे मै लिखूं..पढ़ी। देवेंद्र शर्मा ने बाल गीत-छत्तीसगढ़ी भाषा में लुरुक झुरुक लहकत हे बीहि के डारा.. गाकर बचपना को जीवंत कर दिया। रश्मि अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती पर मोर छत्तीसगढ़ धरती सुहानी.. गाकर समां बांधा। श्री कपूर ने गजल-मेरे कानों में गूंजा करो.. की प्रस्तुति दी। अशोक कुमार शर्मा ने कविता-बिहार में बहार पर राजनीति.. पढ़ी। डॉ सर्वेश पाठक ने दोहा-राम राम रटते रहो जब तक जीवन सांस.. की प्रस्तुति दी।

चर्चा

## राजभाषा छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाने की शिक्षा, गृह मंत्री से चर्चा



**बिलासपुर।** राजभाषा छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा और प्राथमिक शिक्षा माध्यम बनाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच के प्रदेश संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल ने पंडरी रायपुर से विधानसभा छत्तीसगढ़ तक पदयात्रा की एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, गृहमंत्री विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं पक्ष-विपक्ष के सदस्यों से मिलकर राजभाषा छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाने और प्राथमिक शिक्षा का माध्यम बनाने चर्चा की। 85 वर्षीय श्री शुक्ल पंडरी से अकेले ही अपने डंडे के सहारे विधानसभा भवन तक की पदयात्रा के लिए सुबह 9 से निकल चुके थे।

### ध्येय वाक्य होगा परिपूर्ण

श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिलाने वाली भाजपा सरकार के लिए यह अच्छा मौका है कि वह मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में केंद्रीय शिक्षा नीति की परिपालन के साथ प्राथमिक शिक्षा की शुरुआत कराएं। जिससे उनका ध्येय वाक्य-हमने बनाया है हम ही सवारेंगे परिपूर्ण होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाला समय छत्तीसगढ़ी के लिए कुछ अच्छा होगा। यदि उनकी पुकार सुनकर भी अनसुना किया गया तो वह अनिश्चित कालीन धरना के लिए तैयार है।

## सिम्स में बनेगा हाईटेक संक्रमण नियंत्रण सिस्टम प्रबंधन ने किया एसईसीएल के साथ एमओयू



**बिलासपुर।** सिम्स में जल्द ही अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर आधारित एयर प्यूरीफिकेशन एवं स्टरलाइजेशन सिस्टम स्थापित किया जाएगा। एसईसीएल द्वारा मिले सीएसआर मद से निर्माण किया जाएगा। इस तरह सिम्स पहला मेडिकल कालेज बनेगा जहां हाईटेक संक्रमण नियंत्रण सिस्टम के तहत मरीज और परिजनों की खतरनाक वायरसों से बचाव किया जा सकेगा।

**प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर स्टरलाइजेशन से युक्त होगा अस्पताल**

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश में पहली बार मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर आधारित एयर प्यूरीफिकेशन एवं स्टरलाइजेशन सिस्टम बनाया जाएगा। इसके लिए एसईसीएल सामने आ चुका है। गुरूवार को सिम्स और एसईसीएल के बीच एमओयू किया गया। इस दौरान डीन डॉ. रमणेश मूर्ति तथा एसईसीएल सीएसआर के सीएम वर्मा ने हस्ताक्षर किए है। इस दौरान एचआर बीरांची दास, डॉ. श्रुति देव मिश्रा व अधीक्षक डॉ. लखन सिंह मौजूद रहे।

### सेमीकंडक्टर स्टरलाइजेशन तकनीक

अत्याधुनिक प्रणाली अस्पतालों में मौजूद पारंपरिक फिल्टर या सामान्य एयर प्यूरीफिकेशन सिस्टम से कई गुना अधिक प्रभावी होती है। इस तकनीक के सहारे अस्पताल की हवा में मौजूद वायरस, बैक्टीरिया, फंगल स्पोर्स सहित सूक्ष्मजीवों को 99% तक निष्क्रिय किया जा सकता है।

### ऐतिहासिक उपलब्धि है

सिम्स के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर आधारित स्टरलाइजेशन तकनीक से संक्रमण नियंत्रण के क्षेत्र में प्रदेश का पहला और अग्रणी संस्थान बनेंगे। मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय चिकित्सा के लिए सिम्स प्रणबध्य है।

-**डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

### नई तकनीक का होगा उपयोग

अस्पताल में मौजूद हवा की गुणवत्ता सीधे मरीजों को प्रभावित करती है। ऐसे में इसके स्वास्थ्यवर्धक होना जरूरी है। सिस्टम के स्थापित होने से संक्रमण जोखिम में भारी कमी आएगी। एसईसीएल के सहयोग से नई तकनीकी का उपयोग संस्थान में होगा।

-**डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक सिम्स

## विद्यार्थियों ने व्यंजनों के लगाए स्टाल एवीएम में आनंद मेले का आयोजन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ आनंद मेला का भव्य आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने व्यंजनों के कई स्टाल लगाए। इसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कविता जनस्वामी, विद्यालय के चेयरमैन एवं रश्मि श्रीवास्तव, विशेष अतिथि विद्यालय के संस्थापक अटल श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव , प्राचार्य जी.आर मधुलिका, उप प्राचार्य श्री जोशी थे। मेले का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों ने छात्रों, अभिभावकों द्वारा तैयार किए गए व्यंजन, खेल सहित विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। नूडल्स, भेल, मोमोस, केसर दूध, हस्तकला मेहंदी, गेम ज़ोन जैसे आकर्षक स्टॉल मेले का मुख्य केंद्र रहे। स्कूल के चेयरमैन ने छात्रों की रचनात्मकता व टीमवर्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ाता है। स्कूल के संस्थापक ने भी विद्यार्थियों के उत्साह, अभिभावकों की सहभागिता और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

## ब्राह्मण प्रीमियर लीग में आएंगे रिंकू सिंह, कल दिखेगी क्रिकेट स्टार की झलक



**बिलासपुर।** ब्राह्मण प्रीमियर लीग इस बार खास होने जा रही है, क्योंकि टीम इंडिया के उभरते सितारे और करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत रिंकू सिंह 22 नवंबर को बिलासपुर आ रहे हैं। उनके आने की आधिकारिक पुष्टि आयोजकों ने कर दी है। शहर में क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है और युवा खिलाड़ियों के लिए यह बड़ा मौका माना जा रहा है।

रिंकू सिंह अपने फिनिशिंग स्टाइल, ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और मैदान पर जुझारू स्वभाव के लिए पहचाने जाते हैं। आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बना चुके रिंकू पहली बार ब्राह्मण प्रीमियर लीग के मंच पर युवाओं से रूबरू होंगे। आयोजन के अनुसार रिंकू विशेष कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे और उनसे संवाद भी करेंगे। बीपीएल आयोजन समिति के



अभय बरुआ ने बताया कि इस बार लीग को बड़े मंच पर ले जाने की तैयारी हो रही है। स्टार क्रिकेटर की मौजूदगी प्रतिभागियों के लिए एक प्रेरणा का काम करेगी। शहर में सुरक्षा और आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। 22 नवंबर को स्टेडियम में भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। सरकंडा के खेल परिसर में चल रहे ब्राह्मण प्रीमियर लीग का फाइनल मैच खेला जाना है। अंतिम मैच में मुख्य अतिथि स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह होंगे। रिंकू सिंह उत्तर प्रदेश की टीम से रणजी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल खेल रहे हैं। 19 नवंबर को रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए 17 चौके और छह छक्कों की मदद से रिंकू सिंह ने 247 बालों में 176 रन बनाए हैं। युवाओं में उनकी दीवानगी सर चढ़कर बोलती है। रिंकू सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं। 28 वर्षीय रिंकू सिंह का विवाह जौनपुर से सपा सांसद प्रिया सरोज के साथ तय हुआ है। 2017 में उन्हें किंग्स इलेवन पंजाब में आईपीएल खेलने के लिए हायर किया था। फिर 2018 में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीद लिया। तब से वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे है। 2018-19 में विवरण की ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश के अग्रणी रन स्कोरर थे,जिन्होंने दस मैचों में 953 रन बनाए।

### पांच गेंदों में मारे पांच छक्के-

रिंकू सिंह ने ऐतिहासिक मैच कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से गुजरात की टीम के खिलाफ खेला। उन्होंने यश दयाल की पांच गेंदों में लगातार पांच छक्के लगाए और कोलकाता को जीत दिलाई।

### बाएं हाथ के है बल्लेबाज

रिंकू सिंह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और दाएं हाथ के गेंदबाज है। 18 अगस्त 2023 को आयरलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम से 20-20 खेल कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने पदार्पण किया। इसके अलावा वह अंदर 1619 और 23 स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मार्च 2014 में 16 साल की उम्र में एक क्रिकेट की शुरुआत की और 83 रन बनाए थे।

### क्वार्टर फाइनल देखने पहुंचे केंद्रीय तोखन व अन्य जनप्रतिनिधि

ब्राम्हण प्रीमियर लीग में 20 नवंबर को क्वार्टर फाइनल खेला गया। क्वार्टर फाइनल में बाजीराव ब्लास्ट का तिलक टाइगर्स तथा तात्या टाइटंस और मंगल पांडे टीम के बीच खेला गया। क्वार्टर फाइनल का तीसरा मैच बॉस ब्रिगेड और वल्लभ वल्चर्स के बीच खेला गया। मैच में अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह,विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव अतिथि रहे। 20 नवंबर के सारे मैच जिनके नाम से बिलासपुर शहर का नामकरण हुआ है उन वीरांगना बिलासा दाई केंवटीन के नाम से समर्पित रहा। मैच के दौरान केंवट,निषाद और धीवर समाज के हर प्रसाद केंवट ( जिला उपाध्यक्ष केंवट समाज) मुन्ना लाल केंवट, लक्ष्मी प्रसाद केंवट,पवन धीवर,दिनेश केंवट,रवि केंवट,आशीष केंवट अतिथि रहे।

**पप्पू पटाका ने की एम्पायरिंग -** अपने शानदार हास्य अंदाज के लिए चर्चित एंपायर पप्पू पटाका ने अपनी शानदार शैली से अंपायरिंग की और लोगों को खूब हंसाते हुए मनोरंजन किया। श्रोताओं ने उनकी शानदार और जानदार एम्पायरिंग का आनंद लिया। पप्पू पटाका की एम्पायरिंग ने मैच के लुत्फ को चार चांद लगा दिया।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर-19 की संभावित टीम घोषित

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर ने विगत 15 नवंबर को आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में ट्रायल लिया। इसके चयनकर्ता रितेश शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, आकाश सिंह और अतुल शर्मा थे। अंडर 19 के ट्रायल के दौरान कुल 93 खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे। जिसमें बिलासपुर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, सीपत, रायगढ़ के खिलाड़ी शामिल रहे। ट्रायल की प्रक्रिया सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें खिलाड़ियों ने सर्वप्रथम फॉर्म और डॉक्यूमेंट को जमा कर अपने-अपने नाम दर्ज कराए। इसके पश्चात लड़कों को फिटनेस, कैचिंग फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराई गई। सभी खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट स्किल का दम दिखाया। इन सभी खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता ने अंडर-19 कैंप के लिए संभावित खिलाड़ियों का चयन किया।

**एवीएम में कैंप कल-**सभी चयनित खिलाड़ी 22 नवंबर को दोपहर 3 बजे कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर में कैंप लगाया जाएगा।

### ये हैं चयनित खिलाड़ी

चयनित खिलाड़ियों में आदित्य श्रीवास्तव, श्रीसंत खरे मुंगेली, सिद्धार्थ देवांगन, एजे यदुवंशी, आयुष तोड़ेकर, ललित सोनकर, हर्ष कुमार, बी निखिल कुमार, अचिंत्य सक्सेना, उत्कृष्ट तिवारी, अयान उपाध्याय मुंगेली, आर्यन शर्मा, संदेश दुबे, निखिल शर्मा, आधार सलूजा, राघव सिंह, शौर्य तिवारी, एम आर्यन सिंह मस्तूरी, जयंत यादव सीपत, मनीष यादव, संजय कुमार पाटले, दुर्गेश साहू, रेयांश सिंह बघेल, आकाश दीप सिंह, सूर्यांश स्वर्णकार, प्रथम मोटवानी, श्रेयांश चतुर्वेदी पेंड्रा, आरव राय, अरहान अहमद, हर्षित सिंह, कविश नायडू, वेदांत श्रीवास्तव, आकाश यादव, रॉबिन तिर्की, नमन चंद्राकर, शैवाल सरकार, विग्नेश गिरी, अक्षत श्रीवास्तव, लवी प्रिथयानी, समर्पित राज एंड्रूस, आर्यन सिंह, आदित्य देव खटकर, शेख अरहम, नव्य वाधवानी, सक्षम चौबे, उत्कर्ष तिवारी, रूपम वैद्य, अमन मौर्य, जतिन केशरी पेंड्रा, राज श्रीवास, अरमान पटेल, अमन यादव और हिमांशु सिंह आदि प्रमुख है।

## खबर संक्षेप

### लोरमी के सुरेंद्र को पीएचडी की उपाधि



**लोरमी।** लोरमी के ग्राम सारधा निवासी डॉ सुरेंद्र सिंह राठौर सुपुत्र सालिक राठौर ने आईआईटी भिलाई के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ राठौर प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं, वे जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने एन आई टी रायपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक तथा आईआईटी दिल्ली से एमटेक की डिग्री हासिल की है। उनके कई शोध-पत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं, जो उनके शोधकार्य की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं।

### रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय

**मुंगेली।** किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन ने धान बिक्री हेतु नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया है। अब किसान 19 नवंबर से 25 नवंबर 2025 तक अपने नजदीकी तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से पंजीयन तथा रकबा संशोधन करा सकेंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, जिले के किसानों को पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए तहसील स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## निधन

### गुलाबचंद शास्त्री



**बिलासपुर।** ग्राम मेंड्रा निवासी गुलाबचंद शास्त्री का गुरुवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 21 नवंबर को सुबह 10 बजे गृहग्राम मेंड्रा में होगा। वे लक्ष्मीचंद और विजय शास्त्री के भाई तथा मनीष, मनीषा और महेश के पिता थे।

### दर्शना ताम्रकार



**बिलासपुर।** जापान टाल जूनी लाइन निवासी दर्शना ताम्रकार का 20 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अरुण ताम्रकार की पत्नी, अमन की मम्मी एवं बंटी, राहुल ताम्रकार की चाची थीं।

### अभिषेक सिंह ठाकुर



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी नगर निगम में कार्यरत सफाई सुपरवाइजर अभिषेक सिंह ठाकुर (विक्की) का 20 नवंबर को निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 21 नवंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे मिथिलेश सिंह ठाकुर के पुत्र, अभिजीत व आशीष के भाई थे।

### उत्तरी बाई चतुर्वेदी



**जरहागांव।** कुरानकापा निवासी उत्तरी बाई चतुर्वेदी का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे सुभाषचंद्र चतुर्वेदी, शेखर चतुर्वेदी, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी की माता एवं दुर्गेश चतुर्वेदी, आकाश, शौरभ, शुभम, अरमान चतुर्वेदी की दादी थीं।

### गंगोत्री यादव



**बिलासपुर।** गांधी नगर रतनपुर निवासी गंगोत्री यादव का 20 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 नवंबर को सुबह 11 बजे कन्हार जूनी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वः रामाधार यादव की पत्नी, सुनील एवं संजय यादव की माता थीं।

### ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन

# तन-मन को स्वस्थ रखने में खेल का महत्वपूर्ण स्थान, युवा इससे जुड़े रहें




समापन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

बिल्हा ब्लॉक में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत द्वितीय कलस्टर का कार्यक्रम गुरुवार 19 नवम्बर को ग्राम पंचायत बेलतरा में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मौजूद रहे।

इस मौके पर श्री शुक्ला ने खेल से युवा शक्ति व तन-मन को स्वस्थ्य रखने एवं नारी शक्ति के महत्व को जोर दिया गया। द्वितीय कलस्टर में सम्मिलित 13 ग्राम पंचायतों के 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान बोरा दौड़, नींबू दौड़ 400 मीटर दौड़, कबड्डी रस्साकसी, फूटबाल, बालीबाल एवं तीरंदाजी एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव कार्यक्रम में विशेष रुप से जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार सिंह, नायाब तहसीदार झा मैडम, जिला पंचायत सदस्य अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप, जनपद सदस्य कमला विजय साहू, विधायक प्रतिनिधि मनोज पटेल, मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, महामंत्री भरत कश्यप, सहकारी अध्यक्ष सुनील कश्यप, सरपंच ग्राम पंचायत बेतलरा सुरेश कश्यप तथा खंड शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र कौशिक, बीआरसी देवी चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एवं नागरीक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन वासूदेव पांडेय संकुल समन्वयक ने किया।

## खिलाड़ी कभी हारता नहीं है जीतता है या सीखता है

**मल्हार।** मस्तूरी विधानसभा की ग्राम पंचायत जोंधरा हाई स्कूल मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में गुरुवार 20 नवम्बर को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सूर्या, जिपं सभापति प्रतिनिधि खिलावन पटेल, नरेंद्र नायक भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं जपं सभापति प्रतिनिधि शामिल हुए। श्री सूर्या ने कहा कि, खेलने वाला खिलाड़ी कभी हारता नहीं है, जीतता है या फिर सीखता है। खिलावन पटेल कहा कि, छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा मिल रहा है, विष्णुदेव साय की सरकार खेल के प्रति प्रतिबद्ध है। जनपद सभापति प्रतिनिधि नरेंद्र नायक ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में उतरा रात्रे, समारू राम केवट, रामखिलावन तिवारी, विकास तिवारी, बिरसिंह ध्रुव, सुखउ प्रजापति, पंचराम पटेल, दशाराम, सूरज, चंदू, जीवन, दिनेश शर्मा, राजकुमार चंदेल, सुरेश बंजारे, दिनेश तिवारी, रामखेलावन श्रीवास, शामिल हुए।



# आत्मानंद स्कूल में 293 खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर



उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हुए विजेता खिलाड़ी ।

**सीपत।** स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर सीपत में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को समापन हुआ। महोत्सव में 19 पंचायतों के 293 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण इलाकों से लेकर स्कूली विद्यार्थियों तक हर उम्र और हर वर्ग के खिलाड़ियों ने खेल मैदान पर अपना दमखम दिखाया और प्रतिभा का झंडा बुलंद किया।

सीपत, मचखंडा, नवागांव, दर्राभाठा, झलमला, कौड़ियां, ठरकपुर, हिंडाडीह, पोड़ी, नरगोड़ा, गुड़ी, खांडा, जांजी, कौवाताल, देवरी, पंधी, बरेली और कर्रा के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महोत्सव के आयोजन व समापन के दौरान अधिकारियों कर्मचारियों ने खेल सफलतापूर्वक संपन्न कराने अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सचिव हेमंत पटेल ने कहा कि, सांसद खेल महोत्सव सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं को दिशा देने का माध्यम है। अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम स्पिरिट, यही खेल की असली पहचान है। ग्रामीण प्रतिभाओं का जो उत्साह मैदान में दिखा, वह भविष्य में जिले और राज्य के लिए गौरव लेकर आएगा। संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय एवं श्रीकांत श्रीवास ने संयुक्त रूप से कहा कि खिलाड़ियों ने दो दिनों तक जो ऊर्जा, साहस और संघर्ष दिखाया वह प्रेरणादायक है। यह महोत्सव खेल संस्कृति को मजबूती देने वाला सिद्ध हुआ है। खिलाड़ियों की भागीदारी यह बताती है कि ग्रामीण क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद हैं।

हमारे क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर चमकने की क्षमता रखती हैं। इस महोत्सव ने बच्चों को मंच दिया और आत्मविश्वास को नया पंख। आयोजन को सफल बनाने में सीपत तकनीकी सहायक नोडल संजय पटेल, करारोपण अधिकारी विजय पाण्डेय, सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, सचिव हेमंत पटेल, संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय, बालक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास, तुलेश्वर सिंह कौशिक सर, प्रभारी प्राचार्य सरिता यादव, चंद्रभूषण कौशिक, बरेली सरपंच रामखिलावन सिंह राजपूत, नवागांव सरपंच भागवत प्रसाद मरकाम, पोड़ी सरपंच सूर्यप्रकाश शेष , पंधी सरपंच वीरेंद्र साहू , सचिव संतोष साहू, जयनारायण पाटनवार, कमलेश जायसवाल , ईश्वरी विजय, राकेश डोंगरे, राकेश पटेल, रेखा पाण्डेय, छोटेलाल साहू, राकेश पटेल, विनोद श्रीवास, जितेंद्र नायक, सीपत रोजगार सहायक संजय गढ़ेवाल, गोपीचंद वर्मा, शिक्षक केपी कश्यप, सुयश दुबे, अरुण जायसवाल, सौरभ जायसवाल, देवेंद्र पात्रे, रागिनी पटेल, नीलम सूर्यवंशी, विकास नायक, एंजिलिना, अनवर खान, सत्यजीत यादव सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय व आभार सीपत सचिव हेमंत पटेल ने किया।

### इन खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

दो दिवसीय सांसद खेलकूद महोत्सव के दौरान कबड्डी बालक वर्ग में हिंडाडीह टीम विजेता बनी। इसी कड़ी में सत्तुल खेल में सेजेस सीपत, कन्या स्कूल सीपत, रस्साकसी बालक वर्ग में झलमला, बॉलीबॉल बालिका वर्ग में जांजी, रस्साकसी बालिका वर्ग में सेजेस सीपत, कबड्डी बालिका वर्ग में सीपत, बॉलीबॉल बालक वर्ग में एनटीपीसी सीपत, कबड्डी 40 प्लस में ढेवरी, 400 मीटर दौड़ में सीपत से बालक व बालिका सहित भारी संख्या में खिलाड़ियों ने शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# तक्षशिला जोंधरा में मना विश्व बाल अधिकार दिवस

**मल्हार।** राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा ने गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में 'विश्व बाल अधिकार दिवस' बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत बाल अधिकारों पर आधारित परिचय एवं जागरूकता भाषण से हुई।

विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहभागिता जैसे मुख्य बाल अधिकारों पर आकर्षक पोस्टर, नारे और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में नारा लेखन, चित्रकला, रैली और समूह चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर ने बच्चों को बताया कि, बाल अधिकार हर बच्चे का जन्म सिद्ध अधिकार है, और प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक तथा अवसरपूर्ण वातावरण मिलना चाहिए। प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल ने बच्चों को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक होने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल, कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान, हरीश पटेल, कामता पटेल, अमित कुमार, किशन, उदय, सूर्यकांत, आकाश मरकाम, साहिल केवर्त, देव पटेल, अनुराग, नीतीशा चंदेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे, अपने साथ-साथ अन्य बच्चों के अधिकारों की भी रक्षा करेंगे और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र।

## धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरीपारा निवासी चिंरजीव सिंह ठाकुर पिता जितेंद्र ठाकुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, आरोपी मांघी लाल बंजारे ने सोशल मिडिया में धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया।

# शराब दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध




विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत बोदा के अंतर्गत प्रस्तावित शासकीय शराब दुकान को लेकर ग्राम सिपाही एवं आसपास के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि, इस क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण बिगड़ेगा और महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होगा।

सुबह से ही ग्रामीणों के संभावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। चातरखार बाईपास सहित अन्य मार्गों पर कड़ी नाकेबंदी की गई, और बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई। कई स्थानों पर रोके जाने के बाद भी सैकड़ों ग्रामीण पैदल ही आगे बढ़ते रहे और लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय कर शाम 6 बजे कलेक्टोरेट परिसर पहुंच गए, जहां उन्होंने घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कलेक्टर को स्पष्ट चेतावनी दी कि, यदि सिपाही-सेतगंगा मुख्य मार्ग पर प्रस्तावित शराब दुकान को तत्काल निरस्त नहीं किया गया तो, वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



## भाजपा पदाधिकारियों ने किया साव का भव्य स्वागत

**तखतपुर।** उपमुख्यमंत्री अरूण साव के तखतपुर प्रवास के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर संतोष कौशिक ने कहा कि, भाजपा की सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इसी क्रम में तखतपुर में विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में हर ओर विकास हो रहा है। जो काम वर्षों से लंबित था, वह दो वर्ष से भी कम समय में पूरा हो गया है।

# मां के हत्यारे बेटे को आजीवन कारावास

**पेंड्रा।** पेंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पतगवां के राठौर मोहल्ले में 2 फरवरी 2024 को हुई निर्मला बाई की सनसनीखेज हत्या मामले में अदालत ने गुरुवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड की अदालत ने आरोपी बेटे शिवम मिश्रा उर्फ शिवा को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 1 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

जानकारी के अनुसार घटना की तारीख को दोपहर लगभग 12:45 बजे शिवम मिश्रा का अपनी मां निर्मला बाई के साथ विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि, शिवम ने गाली-गलौज करने के बाद मां के साथ मारपीट की और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर जानलेवा हमला कर दिया। निर्माला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय गौरेला ले जाया गया। गंभी स्थिति को देखते हुए उन्हें रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पेंड्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 और 302 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जब्त किए और गवाहों के बयान दर्ज किए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी स्पष्ट हुआ कि, निर्मला बाई की मृत्यु लोहे की रॉड से आई गंभीर चोट के कारण हुई थी। प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और चिकित्सा रिपोर्टों के आधार पर अदालत ने आरोपी को धारा 302 और 323 के तहत दोषी पाया गया। न्यायाधीश एकता अग्रवाल की अदालत ने मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई।अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने पैरवी की।

## युवक ने ओवरब्रिज से लगाई छलांग

**कोरबा।** एक अधेड़ व्यक्ति ने मालगाड़ी के आने के पहले ही पवन टाकिज के समीप स्थित ओवर ब्रिज से अचानक छलांग लगा दी जिससे वहां आसपास उपस्थित लोग सख्ते में आ गये। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रुप से घायल अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजीत बख्शी नामक व्यक्ति ने बुधवार की रात लगभग 8.30 बजे पवन टॉकीज रेलवे फाटक के समीप लगभग 25 फीट ऊँचे रेलवे ओवरब्रिज से नीचे रेलवे ट्रैक पर छलांग लगा दी। बताया जाता है कि कुछ देर बाद ही वहां ट्रेन आने वाली थी। अधेड़ के नीचे छलांग लगाते ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और लोग पहले तो कुछ समझ नहीं पा रहे थे बाद में लोगों को समझ आया कि अधेड़ ब्रिज से छंलाग लगाई है।

# भगवान को चाहिए निष्कपट प्रेम व भक्तिः पं. नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



भगवान अपनी शरण में गए हुए भक्त की तकलीफ को क्षण भर में दूर कर देते हैं। भगवान को केवल निष्कपट प्रेम और भक्ति चाहिए। यह बातें तमेरपारा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं नवीन पाठक ने कही।

कथा का विस्तार करते हुए उन्होंने कहा कि, सुदामा दीन-हीन परिस्थिति में अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। जब स्थिति एकदम विपरीत हई, तो उनकी पत्नि ने उन्हें उनके बाल सखा भगवान श्रीकृष्ण को अपनी पीड़ा बताने का आग्रह किया। सुदामा जब भगवान श्रीकृष्ण के पास जाने लगे तो उसकी पत्नि ने गठरी में थोड़ा सा चांवल दिया था। सुदामा जब भगवान श्रीकृष्ण के पास पहुंचे, तो वे अपनी सारी समस्या भूल गए। परंतु भगवान अंतर्यामी हैं, और वे सुदामा की सभी तकलीफों को हर लिया। कथा में अवसर पर मुकेश ताम्रकार, ट्वींकल ताम्रकार, जित्तु ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित रहे।



# शिशु मंदिर में नागरिक मिलन समारोह

**लखराम।** सरस्वती शिशु मंदिर लखराम में भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु यज्ञ, पूजन हवन एवं नागरिक मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री मंदिर बिलासपुर से रामकुमार श्रीवास, शत्रुहन माधो सहित उनके सहयोगी तथा लखराम सरपंच रूखमणी साहू उपस्थित रहे। विधायक सुशांत ने पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए स्वदेशी के उपयोग को बढाने तथा आत्मनिर्भरता हेतु कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सुरेश कुमार राय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। आभार प्रदर्शन डॉ दीनदयाल यादव ने किया। इस अवसर पर सुन्दर लाल साहू, गुरुदयाल यादव, सूरज देंवांगन, केदारनाथ गुप्ता, सन्तोषी कैवर्त, शशि गुप्ता, दीपकुमार, सरस्वती, खुशबु, हेमलता, शत्रुहन, लक्ष्मी, भवानी, आशा, उषा, मुकुत राम, प्रदीप, सुनीता, मुकुत राम साहू, पंचराम साहू का विशेष सहयोग रहा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

- :: ईश्तहार :: -

रा.प्र.क्र./अ-6-अ/2024-25
ग्राम भरारी. प.ह.नं 20

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम भरारी प.ह.नं. 20 रा.नि.म. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सरही बाई पिता स्व. दुखवा निवासी चनाडोंगरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर एवं अन्य 03 के द्वारा ग्राम भरारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 644/3 रकबा 0.84/0.340 हे. भूमि आवेदिका क्र. 01 एवं आवेदिकागण क्र. 02 से 03 की माँ, दावा सासा डोकरी के पैतृक शामिल स्वामित्व की भूमि है, जो वर्तमान कम्प्यूटरीकृत अभिलेख बी-1 खसरा पांचशाला में त्रुटिपूर्ण अनावेदकगण क्र. 01 के नाम दर्ज होना प्रदर्शित हो रहा है उक्त भूमि वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में संदीप वगैरह के नाम प्रदर्शित हो रही है जो कि त्रुटिपूर्ण का कथन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो जारी प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 05.12.25 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 19/11/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, गनियारी**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेश लहरें पिता अवधराम निवासी-ग्राम अमेरी अकबरी, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा श्री अरूण कश्यप पिता श्री रामतीर्थ कश्यप जाति-कांछी निवासी ठाकुरदेव मंदिर गली लिंगियाडीह बिलासपुर एवं श्रीमती पूजा देवांगन पति श्री शिवकुमार देवांगन जाति-कोष्टा, निवासी-स्वामी मेडिकल गली देवरीखुर्द बिलासपुर के पक्ष में अपनी ग्राम कुटेला, प.ह.नं.-62, रा.नि.मं. मानिकचौरी, तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 176/17 रकबा 3.0180 हेक्टे. को श्री अरूण कश्यप एवं श्रीमती पूजा देवांगन के पक्ष में आम मुख्तयारनामा आम दिनांक 01/08/2024 को संपादित किया गया था जिसे दिनांक 13.11.2025 को पंजीकृत सूचना देकर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मुख्तयारनामा आम को निरस्त किया गया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01/08/2024 को लिखित मुख्तयारनामा आम निरस्त होने के कारण श्री अरूण कश्यप एवं श्रीमती पूजा देवांगन से किसी भी प्रकार का लेनदेन तथा संव्यवहार न करें। यदि किसी भी प्रकार से लेनदेन या संव्यवहार किया जाता है तो मेरा पक्षकार इस संबंध में जिम्मेदार नहीं रहेगा।

सो सूचना जानें
दिनांकः-20/11/2025 बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
ईश्वरी प्रसाद जांगड़े अधिवक्ता
इन्दू चौक, स्टेट बैंक के बाजू गली
जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9406101904

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

घनश्याम कुशवाहा — वादी
विरुद्ध
शेख शाहिदुल्ला+1 — प्रतिवादीगण

प्र.क्र.अपंजीकृत
पे.दि.- 10/12/2025
प्रोसेस क्र.-176/2025

प्रति,
शेख शाहिदुल्ला पिता - स्व.शेख पी उम्र 57 वर्ष निवास- बी-168, बसंत विहार कॉलोनी बिलासपुर, थाना सरकंडा तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादी ने आपके विरुद्ध राजकिशोर नगर में नगर आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित भू-खण्ड क्रमांक 111 पारिजात 36, रकबा 3660 भूमि में निर्मित मकान एवं दुकान के स्थाई निषेधाज्ञा बाबत वाद प्रस्तुत किया है।

आपको इस न्यायालय में दिनांक -10/12/2025 को दिन के समय-11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरुद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई न्यायालय के आगामी कार्य दिवस में किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेंट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय तहसीलदार बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक / /क/ ./वा./तह 2025
बिल्हा, दिनांक 17.11.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक शर्मा पिता स्व. घनश्याम प्रसाद एवं अन्य निवासी ग्राम बिल्हा द्वारा ग्राम डोडकी प.ह.नं.16 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 49/1, 49/3, 107, 109 रकबा क्रमशः 0.0610, 0.1740, 0.3800, 2.4640 हे. जो आवेदकगण एवं अनावेदिकागण सुनीता पति पुरूषोत्तम वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण आपसी बंटवारा अनुसार खाता विभाजन करने हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है ।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक - 10.12.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक /Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक-11/11/2025

प्रति, आवेदक रामदयाल साहू पिता मंगलूराम साहू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2 पुनीराम यादव, राजेश सा बहतराई 3. आनंद ध्रुव, अरुण ध्रुव सा बहतराई 4. देवलाल देवी सा डबरी पारा 5. बुटी पटेल
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह/ना. तह./वा./2025 बिलासपुर, दिनांक 13/11/2025

ग्राम बहतराई प.ह.न. 48 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 49/1 रकंबा 1.55 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक रामदयाल साहू निवासी बहतराई के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12.12.25 हो समय 10:00 से 5 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ बीच के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

**कायर्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 12/11/2025

प्रति, 1. आवेदक अंजुलता राजवाडे पति संधारी राम आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी
2 भवानी बरेठ 3.अजीत कुमार भटटाचार्य पिता स्व सी. आर. भटटाचार्य सा. गीता विहार राजकिशोर नगर 4 सचिन कुमार
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q / तह. / ना. तह. / वा. / 2025 बिलासपुर, दिनांक 16/10/2025

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 5/10 रकबा 1875 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अंजुलता राजवाडे निवासी कपसरा के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 25.11.25 को समय 10 से 05 के बीच में बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज को समय-के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने किया अविनाया हेल्थकेयर का औद्योगिक भ्रमण




**बिल्हा।** शासकीय सूरजमल स्कूल बिल्हा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम, हेल्थकेयर विषय के तहत कक्षा नौवीं से 12वीं तक के छात्रों को अविनाया हेल्थकेयर बिल्हा का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस औद्योगिक भ्रमण को सफल बनाने स्कूल की प्राचार्य संगीता कुशवाहा मैडम का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षिका संगीता खुंटे ने कार्यक्रम को क्रियान्वित किया। अविआना हेल्थकेयर के डाक्टर एवं स्टाफ ने छात्रों को मेडिकल से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की, जिससे छात्रों को स्वास्थ्य प्रणाली को जाना।

### बिल्हा कांग्रेस का बीएलए प्रशिक्षण शिविर



**बिल्हा।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा द्वारा एसआईआर हेतु नियुक्त बीएलए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बिल्हा रेस्ट हॉउस में किया गया। शिविर में उपस्थिति बीएलए को प्रशिक्षक रोहिणी नौबतका ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उक्त शिविर में मौजूद बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कहा कि, मतदातन लोकतंत्र की सबसे ताकत हैं। नियुक्त बीएलए की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। शिविर को प्रभारी मनहरण लाल कौशिक, रोम हर्ष शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने बीएलए साथियों को पार्टी की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बिल्हा सुनील साहू, वीरेंद्र कौशिक, घनश्याम डहरिया, भरत यादव, जगर्नाथ धुर्वशी, राज बनवारे, धर्मेंद्र फर्वी, हासिम खान, धर्मेंद्र फरवी, पार्षद लाला यादव, अमृत कोशले, आशु निर्मलकर, योगेश कौशिक, राजू ध्रुव, शिवकली बंजारे, रजिया कुरैशी, इंद्रनी कौशिक, संगीता यादव सहित बीएलए उपस्थिति रहे।

### पंचायत निधि व मानदेय को लेकर सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** पंचायतों को 15वें वित्त आयोग की राशि तथा मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सरपंच संघ ने विधायक तखतपुर को ज्ञापन दिया है। सरपंच संघ तखतपुर के पदाधिकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, उपाध्यक्ष गीता बंजारे, सचिव ऋषिमुनी पटेल और कोषाध्यक्ष ओंकार प्रसाद सिंगरौल सहित अन्य विधायक धर्मजीत सिंह को ज्ञापन सौंप कर बताया कि, पंचायत को काम के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत राशि जारी की जाती है, जिसमें वर्तमान में 2025-26 की एक भी किशत प्राप्त नहीं हई है। इसके कारण मूलभूत कार्यों को कराने में भारी असुविधा हो रही है। साथ ही पंचायत पदाधिकारियों के मानदेय में वृद्धि करने एवं पंचायतों को पंचायत निधि के रूप में 5 लाख रूपए की राशि जारी करने कती मांग की गई।

### अमीन भर्ती परीक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी

**मुंगेली।** जल संसाधन विभाग की अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को प्रदेशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में राज्य के विभिन्न जिलों से 2 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर लेना आवश्यक है, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य है, जिससे फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में 11.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग की आधी बांह की शर्ट जैसे कपड़े पहनने होंगे। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, मैरून, बैंगनी एवं गहरा चकलेटी रंग पूरी तरह वर्जित रहेगा। केवल बिना पॉकेट वाला साधारण स्वेटर पहनने की अनुमति होगी, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना होगा। धार्मिक सांस्कृतिक वेशभूषा वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले पहुंचकर अतिरिक्त सुरक्षा जांच में शामिल होना होगा। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि केंद्र में ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। अभ्यर्थी केवल चप्पल पहनकर प्रवेश कर सकेंगे। परीक्षा में केवल काला या नीला बॉल प्वाइंट पेन ही उपयोग किया जा सकेगा। यदि किसी परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे सभी दिशा–निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए समय पर पहुंचें और परीक्षा में नियमानुसार सम्मिलित हों।

## 6 दिन में 21 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

# हड़ताल खत्म होते ही खरीदी केन्द्रों में उमड़ी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला जारी है। धान खरीदी शुरू हुए 6 दिन ही हुए है, इसके बावजूद भी जिले के उपार्जन केंद्रों में धान की आवक तेजी से होने लगी है। सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल से वापस आते ही सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पथरिया ब्लॉक के 31 उपार्जन केंद्रों में धान लेकर आने वाले किसानों से बिना किसी रूकावट के धान खरीदी की जा रही है। गुरुवार को लौदा खरीदी केंद्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने खरीदी का शुभारंभ किया। इसके साथ ही क्षेत्र के 6 खरीदी केंद्रों को छोड़ सभी जगहों पर धान खरीदी प्रारम्भ हो गई। पथरिया सहकारिता सीईओ मितलेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि, 20 नवंबर तक ब्लॉक के 25 केन्द्रों में 458 किसानों से 21332. 60 क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। उन्होंने बताया कि, जिन 6 केंद्रों में धान खरीदी शुरू नही हुई है, समझाइश के बाद शुक्रवार वहां भी धान की खरीदी प्रारंभ हो जाएगी।



### किसानों के लिए विशेष इंतजाम

धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा हेतु पारदर्शी टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नमी मापक यंत्र, बारदाना एवं अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों ने बताया कि, समर्थन मूल्य पर किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो, इसके विशेष इंतजाम किए गए हैं। पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा ने केंद्रों का निरीक्षण कर शासन की गाइड लाइन अनुसार खरीदी करने का निर्देश दिया।

### पर्यवेक्षक की अनुपस्थिति बनी समस्या

शासन की ओर से खरीदी केंद्रों में आवश्यक रख-रखाव के लिए राशि प्रदान की गई, जो समिति के खाते में भी आ गई है, लेकिन पर्यवेक्षक के नहीं आने से यह राशि समिति द्वारा नहीं निकली जा सकती। ऐसे में खरीदी केंद्रों की तैयारी प्रभावित हो रही है।

## तहसीलदार ने किसान को किया सम्मानित



**सीपत।** सेवा सहकारी समिति सीपत धान खरीदी केंद्र में गुरुवार को समर्थन मूल्य 3 हजार 100 रुपए क्विंटल पर धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने तराजू का पूजन कर एवं श्रीफल तोड़कर खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। पहले दिन किसान एजेंद्र तामेश्वर सिंह कौशिक ने 12 क्विंटल 80 किलो धान सोसायटी में बेचकर शुरुआत की। तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने कहा कि, सुव्यवस्थित खरीदी हमारी जिम्मेदारी है। तहसीलदार ने धान खरीदी केंद्र का विस्तृत निरीक्षण करते हुए बारदाने की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, तौल प्रक्रिया, स्टोरेज सिस्टम और किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, धान खरीदी सीजन में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पर्याप्त बारदाना, सटीक तौल, सुरक्षित भंडारण और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तामेश्वर सिंह कौशिक ने कहा कि, राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। समर्थन मूल्य पर खरीदी से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलती है। सीपत केंद्र की व्यवस्था सराहनीय है।

## हड़ताली प्रबंधक और ऑपरेटर काम पर लौटे



**बेलतरा।** खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य जिले में सुचारू रूप से चल रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को सेवा सरकारी समिति सलखा एवं बेलतरा में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि सहित जनक राम देवांगन, शंकर दयाल शुक्ला, अनसूईया कश्यप, मणि दास मानिकपुरी, मनोज पटेल, उषा देवी, सुनील कश्यप समिति अध्यक्ष उपस्थिति रहे।विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार यादव, अंकुश दुबे, अंजनी कश्यप सरपंच सलखा, सरपंच बांका, सुरेश कश्यप, सरपंच धौरामुंड़ा सरपंच, कोरबी सरपंच लिम्हा, कुशल सोनी, लक्ष्मी जायसवाल, जानकी पुलस्त, पुलिसथ रामनाथ कौशिक, संतोष कौशिक, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, अनिल कश्यप, संजीव कश्यप, राजा कश्यप, अमर सिंह, चोलाराम कश्यप, फिरंगी लाल, बुद्धू ,गोपाल श्रीवास, रामनिवास श्रीवास, रामेश्वर दुबे, रामकृष्ण कश्यप, प्रहलाद कश्यप, जेठू सिंह खुसरो, काशी प्रसाद दुबे, जितेंद्र, शिवराज सिंह राज, प्रमोद केंवट, गुरु कश्यप, उमाशंकर कश्यप, उमाशंकर कोरम, भोलू धनुहार, चोला, संतोष धनवार, कमलेश कश्यप, बृहस्पति राज, गुड़िया आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया चेकपोस्ट व बैरियर का निरीक्षण



**पेंड्रा।** अंतर्राज्यीय सीमा से अवैध धान परिवहन रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने मरवाही क्षेत्र के सभी प्रमुख चेकपोस्ट और बैरियर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीएम मरवाही देवेंद्र सिरमौर, एसडीओपी मरवाही डीएसपी दीपक मिश्रा, तहसीलदार प्रीति शर्मा सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बैरियर पर तैनात कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन नियंत्रण, वाहनों की जांच प्रक्रिया तथा रिकॉर्ड संधारण का विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि, यदि कोई वाहन मोबाइल पेट्रोलिंग टीम द्वारा पकड़ा जाता है, तो उसकी बैक-ट्रैकिंग कर संबंधित बैरियर पर तैनात कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में शिथिलता, संलिप्तता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक बैरियर पर गहन दस्तावेज परीक्षण, नंबर प्लेट सत्यापन तथा रात के समय भी सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

**लोरमी।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने गुरुवार को लोरमी विकासखंड के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोरमी एवं खुड़िया उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं, साफ-सफाई तथा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि, उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे और किसानों को हर संभव सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य अधिकारी द्वारा अवैध धान खपाने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने कड़े शब्दों में कहा कि, ऐसे मामलों में सतत निगरानी रखी जाए, तथा कोचियों एवं बिचौलियों पर छापामार कार्रवाई कर सख्त कदम उठाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि, किसानों का नियमित रकबा समर्पण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसानों को समय पर टोकन जारी कर पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया अपनाई जाए।



## दशरंगपुर में शुरु हुई धान खरीदी

**जरहागांव।** उपार्जन केंद्र दशरंगपुर में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राहुल जायसवाल ने एक बोरी धान कांटे पर तोल कर खरीदी की शुरुआत की। सा थ ही उपस्थिति अतिथियों ने तराजू की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान सरपंच लक्ष्मीचन्द मोहले, उपसरपंच ऋषि राम साहू, मंडी अध्यक्ष अश्वनी मोहले, चोवा ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त किए। सरपंच लक्ष्मी चन्द मोहले ने कहा कि, दशरंगपुर की पैदावार इस वर्ष बेहतर है। सभी किसानों ने अपना पंजीयन पूर्ण करा लिया है। मंडी अध्यक्ष अश्वनी मोहले ने कहा कि, अध्यक्ष होने के नाते उपार्जन केंद्र में उचित व्यवस्था रखना आवश्यक है।



## पूजा-अर्चना के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण



प्रतिमा का अनावरण करते डिप्टी सीएम अरुण साव व विधायक पुन्नूलाल मोहले।

**मुंगेली।** नगर के पुराना बस स्टैंड को परशुराम चौक का नाम देकर भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। बुधवार को उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। साथ ही पूजा-अर्चना कर प्रतिमा का अनावरण किया गया। ब्राम्हण समाज ने हर्ष जताते हुए चौक निर्माण में सहयोग करने वालों का आभार जताया। अतिथियो ने ब्राम्हण समाज को बधाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि, लंबे समय से नगर में परशुराम भगवान की प्रतिमा स्थापित होना प्रस्तावित था। हमारा सौभाग्य है कि, हमारे कार्यकाल में इस शुभ कार्य के हम सहभागी बन सके। ब्राम्हण समाज ने भी नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष का आभार जताया। इस अवसर पर अवधेश शुक्ला, दुष्यंत दुबे, श्रीकांत पाण्डेय, शैलेष पाठक, रोहित शुक्ला, हिमांशु मिश्रा, वीरेन्द्र मिश्रा, श्रीकांत गोवर्धन, पवन पाण्डेय, प्रमोद पाठक, स्वतंत्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, मनीष शर्मा, योगेश शर्मा, बलदाउ पाण्डेय, राहुल पाठक, आयुष शुक्ला, कमलेश मिश्रा, नागेश उपाध्याय, देवेन्द्र पाण्डेय, रवि शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, मदन मिश्रा, धीरज पांडेय, विभाष पाण्डेय, उर्वशी पाठक, अराधना तिवारी, रितु तिवारी, निधि पुराणिक, रजनी पाठक, स्वीटी पाठक, पूनम चौबे, नीशू मिश्रा, रानी मिश्रा, अनीता तिवारी, सहित बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा गुरूवार को जिला कलेक्टोरेट के जनदर्शन सभा कक्ष में बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, गैर सरकारी संगठन के सदस्य साबित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि, बालिका बोझ नहीं, सौभाग्य है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम का कड़ाई से पालन कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने 2025 में मुंगेली जिले को पूरी तरह बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया और सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों व समाज के सहयोग की अपील की। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि, बालिका परिवार और समाज की अनमोल धरोहर होती है। उन्होंने बताया कि, अपरिपक्व आयु में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए सभी से इसे रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने बाल विवाह मुक्त अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जपं अध्यक्ष रामकमल परिहार ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से ही बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाल विवाह के विरुद्ध सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। डीपीओ संजुला शर्मा ने बाल विवाह मुक्ति के लिए कार्ययोजना के बारे में बताया और बाल विवाह प्रतिषेध के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में बाल विवाह रोकथाम के प्रावधानों, सहायता तंत्र और समुदाय की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

## धरमलाल ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा महतारी सदनः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

विकासखंड के ग्राम पंचायत गंगद्वारी में गुरुवार को लगभग 50 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं घोषणाएं की गईं। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने की। साथ ही जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने गणद्वारी ग्राम पंचायत सेक्टर के लिए 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन किया। मंत्रोच्चार के साथ साथ भूमि खुदाई कर भवन निर्माण की नींव रखी गई। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि, भाजपा महिला शसक्तीकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने के विचार को अपने केंद्र बिंदु में रखता है। यही कारण है कि, राज्य सहित देश भर में भाजपा सरकारों को महिलाओं का जनसमर्थन अधिक मिलता है। राज्य में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। इसमें महतारी वन्दन योजना से उन्हें प्रतिमाह आर्थिक सहयोग से लेकर महतारी सदन बनाकर उनके कौशल को निखारते हुए आर्थिक रूप से आतमनिर्भर बनाना प्रमुख है। उन्होंने ग्राम में बनने वाले महतारी सदन के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का भरोसा जताया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने बताया कि, महतारी सदन योजना हमारी सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रयास है। इन सदनों में महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, हस्तशिल्प, और कृषि-आधारित प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहन और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं की आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेन्द राजपूत ने कहा कि, ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना महतारी सदन का मुख्य उद्देश्य है।




कार्यक्रम को संबोधित करते बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक।

### सड़क और रामसप्ताह भवन की घोषणा

भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों की मांग पर विधायक धरमलाल कौशिक ने विधायक निधि से ग्राम के सांस्कृतिक मंच के पास 5 लाख की लागत से एक भवन बनाने की घोषणा की। इसी तरह जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने अपने क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर ग्राम में 5 लाख की सीसी रोड की घोषणा की। उन्होंने ग्रामीणों को आने वाले समय मे और विकास कार्यो की सौगात देने का आश्वासन दिया। ग्राम के सरपंच राकेश श्रीवास ने ग्राम के विकास के लिये हुए घोषणाओं पर आभार जताते हुए विधायक एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, रितेश यादव, पूर्व अध्यक्ष जसपाल छबड़ा, महामंत्री बलराम जायसवाल, विनोद सिंह, राजेन्द्र साहू, लोकेश साहू, नईम खान, देवेंद्र राजपूत, जगदीश वर्मा, रिंकू सिंह ठाकुर, भजपा नेता सनत बरगाह, ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल, शिवकुमार जायसवाल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सीएमओ का मोबाइल हैक कर आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** सीएमओ का मोबाइल हैक कर 1 लाख 74 हजार रुपए आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका वीआईपी कालोनी निवासी उमाकांत राठौर पिता हरीश कुमार राठौर सिम्स अस्पताल में सीएमओ के पद पर पदस्थ हैं। 18 नवंबर की दोपहर 12 बजे उन्होंने अपना मोबाइल देखा तो वह अपडेट हो रहा था। उन्होंने मोबाइल बंद कर चालू किया तो मोबाइलधारक कविता, राहुल श्रीवास्तव द्वारा उनके फोन पे को हैक कर अलग अलग किश्तों में 1 लाख 74 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवक से मारपीट कर एक्टिवा में की तोड़फोड़

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में एक युवक के साथ दूसरे युवकों ने मारपीट कर चेन स्पाकेट से हमला कर दिया और एक्टिवा में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी विक्रांत जांगड़े पिता धनेश जांगड़े तिलकनगर कपड़ा दुकान में काम करते हैं। 19 नवंबर की शाम 7 बजे दुकान के गार्ड ने कहा दो लड़के उन्हें बुला रहे हैं। वे बाहर निकले तो विशु चौबे, कुरू व अन्य युवक पुराने विवाद के संबंध में बात करना है कहकर लखीराम आडिटोरियम के सामने लेकर गए और उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चेन स्पाकेट से हमला कर दिया। वहीं उनकी एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 एसी, 9604 को विशु चौबे के द्वारा तोड़फोड़ की गई है। पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,2, 296, 3, 5, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### दो भाइयों से मारपीट कर नुकीली वस्तु से हमला

**बिलासपुर।** पुराने विवाद में दो भाइयों के साथ युवकों ने मारपीट करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन चौक निवासी नवीन मरावी पिता रामगोपाल प्राइवेट कालेज की पढ़ाई कर रहे हैं। 19 नवंबर की रात 10 बजे वे अपने भाई विवेक मरावी के साथ घर के बाहर बातचीत करते खड़े थे। इसी दौरान अशोकनगर अटल आवास निवासी अमन गुप्ता, रूपेश यादव एक अन्य साथी के साथ आए और पुराने विवाद को लेकर उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान अमन गुप्ता ने हाथ में रखे किसी नुकीली वस्तु से नवनी मरावी के सिर पर हमला कर दिया। वहीं उसके भाई के साथ बेल्ट से मारपीट की गई है। पुलिस ने नवीन की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्रा से छेड़खानी 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कालेज से घर जा रही छात्रा से छेड़खानी करने वाले 3 बदमाश युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा गुरूवार को कालेज से पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान तीन युवक रास्ता रोककर छात्रा का हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगे। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 74, 296, 3, 5 के तहत आरोपी तुषार उर्फ छोटू साहू पिता विजय साहू 22 साल डोंगरीपारा कोटा, कोमल साहू पिता रविशंकर साहू 19 साल फिरंगीपारा कोटा, नितेश साहू पिता रवि कुमार साहू 25 साल फिरंगीपारा कोटा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। श्री नवरंग ने बताया, आरोपी तुषार साहू पर 12, नितेश साहू पर 3, कोमल साहू पर 4 मामले पहले से थाने में दर्ज है। तीनों आरोपियों की थाना में गुंडा फाइल खोली गई है।

**नहीं बना पा रहे आशियाना** — गरीब तबके के लोगों पर बड़ा असर, शहर के आसपास छतरी लगाकर बैठते हैं एजेंट

# केवल छोटे कच्चे प्लॉट की रजिस्ट्री प्रतिबंधित, धड़ल्ले से बिक रहे बड़े प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कच्चे प्लॉटों की अवैध बिक्री जिले में पूरी तरह प्रतिबंधित है, जिनकी रजिस्ट्री नहीं की जा रही है, लेकिन कच्चे प्लॉट अगर साईज में बड़े हों तो हाथोंहाथ रजिस्ट्री हो रही है। रजिस्ट्री विभाग द्वारा दस से पंद्रह डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री हो जाने की बात कही जा रही है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक पांच हजार वर्गफीट कच्चे प्लॉटों की रजिस्ट्री भी आसानी से कर दी जा रही है।

पांच डिसमिल से छोटे प्लॉट की बिक्री प्रतिबंधित है, लेकिन बड़े प्लॉट की रजिस्ट्री चाहे ही वो कच्ची प्लॉटिंग ही क्यों न हों धड़ल्ले से जारी रखने वाली दोहरी नीति इन दिनों रजिस्ट्री विभाग में चल रही है। कम जमा पूंजी में छोटे प्लॉट लेकर अपना आशियाना बनाने का सपना देखने वाले जरूरतमंद जिलेवासी फिलहाल अपने घर का सपना भी नहीं देख पा रहे हैं। शहर के दस किलोमीटर के दायरे में चारों ओर कच्ची प्लॉटिंग कर जमीन की अवैध बिक्री करने वाले कॉलोनाइजरों के एजेंट छतरी लगाकर बैठे हैं। यहां उन्होंने बड़े-बड़े बैनर तानकर रखा हैं, जिसमें वे साफ तौर पर 5500 से 11 हजार वर्गफीट के प्लॉट आसानी से मिलने एवं रजिस्ट्री होने का दावा कर रहे हैं।

### कॉलोनाईजर व इंवेस्टर्स को लाभ, जरूरतमंदों को दिक्कत

जमीनों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बेचने के लिए कॉलोनाईजरों को बहुत सारे ग्राहकों की खोज करनी पड़ती है, लेकिन कालोनी में बड़े प्लॉट काटकर पूरी कॉलोनी की जमीन जल्दी बिक जाती है, जिसमें माथपच्ची नहीं करनी पड़ती। इसी तरह बड़े प्लॉट लेने से इंवेस्टर्स को भी जमीन सस्ते में मिल जाती है। इस पूरी प्रक्रिया में नुकसान केवल कम बजट में अपनी जमीन व घर का सपना देखने वाले जरूरतमंदों का हो रहा है, जो फिलहाल जमीन खरीदी कर पाने से पूरी तरह अक्षम हो चुके हैं।

### रेरा-टीएनसी बेहद महंगा

रेरा व टीएनसी कॉलोनियों में सुविधाएं निश्चित रूप से बेहतर मिलती हैं। बसाहट व्यवस्थित होती है, लेकिन जरूरतमंदों के बजट से बाहर होती हैं। रेरा-टीएनसी अप्रूव्ड केवल जमीन की खरीदी जितने पैसों में की जाएगी, उतने बजट में जरूरतमंदों के द्वारा जमीन की खरीदी व उस पर घर का निर्माण भी कर लिया जाएगा। इसीलिए सीमित संसाधन वाले लोगों के द्वारा कच्ची प्लॉटिंग वाली जमीन की खरीदी को प्राथमिकता दी जाती है।


### सवाल व्यवस्थित बसाहट का है

सवाल कच्चे या टीएनसी-रेरा वाले प्लॉट का नहीं है। सवाल व्यवस्थित बसाहट का है। ऐसी कोई कॉलोनी प्रस्तावित है, जिसमें सड़कों की चौड़ाई केवल पंद्रह से बीस फीट की हैं। ऐसी कॉलोनियों में सड़क के दोनों ओर अगर लोगों की चारपहिया गाड़ियां खड़ी हों, तो ऐसे में रात में किसी को स्वास्थ्यगत परेशानी आ जाए और एंबुलेंस जाने लायक भी जगह न हो तो ऐसी अव्यवस्थित बसाहट का क्या फायदा? ले-आऊट कम से कम ऐसा हो जिनमें सड़कें तीस फीट चौड़ी हों, ताकि एंबुलेंस व दमकल जैसी गाड़ियां देर रात भी बिना अवरोध के आवागमन कर सकें। ऐसी कालोनियों के प्लॉट की बिक्री भी होगी और रजिस्ट्री भी होगी।
संजय अग्रवाल, कलेक्टर

### कालोनाइजर ही बेचते हैं

कोई किसान एक एकड़ जमीन को हजार-दो हजार वर्गफीट टुकड़ों में नहीं बेचता। ऐसा केवल कालोनाईजर ही करते हैं, जो कच्ची प्लॉटिंग का अवैध कारोबार करते हैं। ऐसी जमीनों की रजिस्ट्री प्रतिबंधित है। एक एकड़ जमीन के अगर पांच से सात टुकड़े हो रहे हैं, तो इनकी रजिस्ट्री हो रही है और इनकी रजिस्ट्री रोकी भी नहीं जा सकती।
-आरके स्वर्णकार, जिला पंजीयक

**सौंदर्यीकरण...**



शिव टाकीज रोड पर सड़क किनारे विकसित किए गए उद्यान का आकर्षक फव्वारा।

**चौथी लाइन को जोड़ने**

# रद्द रहेगी रायगढ़-बिलासपुर मेमू 23 से




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए नॉन इंटरलाकिंग कार्य और रायगढ़-कोतरलिया सेक्शन में आटो सिग्नलिंग का कार्य करने के कारण रायगढ़-बिलासपुर मेमू और अन्य ट्रेन 23 नवम्बर से रद्द की जाएगी।

रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है। यह हावड़ा-मुम्बई की व्यस्त रेल मार्ग है, जो क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। बिलासपुर से झारसगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 150 किलोमीटर से अधिक की रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके अंतर्गत बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 21 नवम्बर शुक्रवार से 11 दिसम्बर तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इस कार्य की वजह से 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68737 रायगढ-बिलासपुर मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक बिलासपुर सम्चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू, 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द की जाएगी। इसके अलावा 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक गोंदिया एवं झारसुगुड़ा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा से गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द रहेगी।

**युवक का महासमुंद से कर लिया गया था अपहरण**

# जुर्म दर्ज हुआ नहीं, साइबर सेल ने फरार युवक का दे दिया मोबाइल लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **एसएसपी ने लगाई फटकार, सिविल लाइन सीएसपी को जांच करने का दिया आदेश**

ढाई करोड़ के लेनदेन के मामले में साइबर सेल से बिना अपराध दर्ज हुए फरार युवक का मोबाइल लोकेशन निकाला और उसे दूसरे व्यक्ति को दे दिया। जानकारी होने पर एसएसपी ने साइबर सेल टीम को तलब कर जमकर फटकार लगाई है। इस मामले में सिविल लाइन सीएसपी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।




सूत्रों के अनुसार राजनांदगांव निवासी अनिल सोनी व बिलासपुर का एक युवक शहर में क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों से पैसा जमा करा रहे थे। इसी बीच अनिल सोनी करीब ढाई करोड़ रुपए लेकर शहर छोड़कर भाग गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया। पार्टनर युवक उसकी तलाश कर रहा था। पता नहीं चलने पर उक्त युवक ने बिलासपुर साइबर सेल के पुलिसकर्मियों से संपर्क किया। बताया जाता है साइबर सेल से बिना एफआईआर के अनिल सोनी का मोबाइल लोकेशन निकालकर गोपनीय तरीके दे दिया गया। उसके बाद उक्त युवक ने अपने साथियों के साथ महासमुंद साकरा के एक लाज में क्राइम ब्रांच का सदस्य बनकर दबिश दी और उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। जानकारी होने अनिल सोनी के पिता ने राजनांदगांव एसपी से मिलकर अपने बेटे के अपहरण की जानकारी दी।

घटनास्थल महासमुंद होने पर राजनांदगांव एसपी ने महासमुंद एसपी को घटना की जानकारी दी। उसके बाद राजनांदगांव की विशेष टीम ने रायपुर के पहले सभी को पकड़ लिया। बाद में मामला लेनदेन का निकलने पर अपहत व्यक्ति के पिता ने रिपोर्ट नहीं लिखाई और सभी को छोड़ दिया गया। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने साइबर सेल प्रभारी सहित टीम को तलब कर जमकर फटकार लगाई है।


उन्होंने सिविल लाइन सीएसपी को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। गुरूवार को सीएसपी ने साइबर सेल टीम को बयान देने के लिए नोटिस जारी किया है।

### जांच का आदेश दिया गया है

एसीसीयू टीम क्रिप्टो करेंसी चलाने वालों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर से पूछताछ कर मोबाइल लोकेशन निकाला जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर को लोकेशन की जानकारी हो गई थी। बहरहाल लोकेशन बाहर गई है या नहीं, इसके लिए सिविल लाइन सीएसपी को जांच करने का आदेश दिया गया है।
**-रजनेश सिंह**
एसएसपी

### मकान से 40 हजार रुपए पार, आरोपी से 1500 जब्त

**बिलासपुर।** पिछले दिनों एक मकान से 40 हजार रुपए की चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने चोरी करने वाले युवक को पकड़कर उससे मात्र 1500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



नूतन चौक निवासी गणेश यादव पिता अर्जुन यादव 25 साल चाय दुकान चलाते हैं। 15 नवंबर को सुबह 7.30 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर दुकान चले गए थे। सुबह 11 बजे वे नहाने के लिए घर गए तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और बैग में रखा 40 हजार रुपए पार हो गया था। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर चोरों की पतासाजी में लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चांटीडीह ईरानी चौक निवासी गणेश यादव पिता भरत यादव 24 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चाय दुकान संचालक के घर से 40 हजार रुपए चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से मात्र 1500 रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम 38 हजार 500 रुपए खर्च कर देना बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**562 लोगों से की गई वसूली**

# 47 उपभोक्ताओं के कटे बिजली कनेक्शन

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा लगातार बिल वसूली का अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व डिवीजन के अंतर्गत सिरगिट्टी, तोरवा, और लिंकरोड जोन द्वारा वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग 893 लोगों से वसूली कर पाया। खास बात यह है कि जोन कार्यालय के अलावा सिटी सर्किल के डिवीजन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी भी वसूली में लगाए गए हैं।

पूर्वी डिवीजन के ईई हेमंत चंद्रा ने बताया कि 1 नवंबर से 18 नवंबर के बीच बकाया बिल की वसूली के लिए बिजली कनेक्शन काटे गए है। इस दौरान 28 लाख 47 हजार की वसूली नहीं होने पर 47 लोगों के घरों के कनेक्शन काटे गए, हालांकि



कुछ लोगों ने कनेक्शन काटने के बाद बिजली बिल का भुगतान किया है, जिसके बाद लाइन भी जोड़ दी गई है। विभाग के अधिकारियों ने 562 लोगों से 1 करोड़ 8 लाख 28 हजार रूपए की वसूली की गई है। अधिकारियों के अनुसार आला अधिकारियों के आदेश के बाद लगातार बिजली वसूली अभियान चलाया जा रहा है।

### रेलवे पेंशनर्स के लिए मेगा कैंप का आयोजन

**बिलासपुर।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनल रेलों में 1 से 30 नवम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# आवेदनों की बौछार, नहीं हो सकी निरतू रेतघाट की नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **मंथन सभाकक्ष में होगी नीलामी आज**

निरतू रेतघाट की नीलामी के लिए गुरूवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सिंचाई विभाग के प्रार्थना सभा भवन में टेंडर ओपन किए गए, लेकिन आवेदकों की संख्या अधिक होने के कारण नीलामी की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। कुल 506 आवेदकों द्वारा टेंडर भरा गया था, जिसका परीक्षण नहीं किया जा सका। अब नीलामी की प्रक्रिया शुक्रवार को कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में पूरी की जाएगी।

जिला बिलासपुर अंतर्गत छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से ग्राम पंचायत निरतू ग्राम पंचायत निरतू के खसरा क्रमांक 1/1 रकबा 3.500 हेक्टेयर क्षेत्र पर रेत खदान की नीलामी गुरूवार को की जानी थी। इसके अंतर्गत जल संसाधन संभाग बिलासपुर के प्रार्थना भवन में जिला स्तरीय समिति के समक्ष रेत खदान निरतू की नीलामी हेतु टेंडर ओपन किया गया।

टेंडर ओपन करने पर कुल 506 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण प्राप्त दस्तावेजों का परीक्षण नहीं किया जा सका, जिससे निविदा की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी। खनिज विभाग द्वारा अब रेत खदान निरतू के निविदा खोलने एवं अधिमानी बोलीदार के चयन करने की कार्यवाही शुकवार सुबह साढ़े दस बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के मंथन सभा कक्ष में आयोजित की जावेगी।

### आज पूरी की जाएगी प्रक्रिया


निरतू रेतघाट की नीलामी के लिए निर्धारित तिथि अनुसार गुरूवार को प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, लेकिन आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण दस्तावेजों का परीक्षण नहीं किया जा सका। अब यह प्रक्रिया शुक्रवार को मंथन सभाकक्ष में पूरी की जाएगी।
-किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज विभाग

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीया माताजी श्रीमती भगवती कश्यप का आकस्मिक निधन दिनांक 13.11.2025, गुरुवार को हो गया है। जिनका दशगात्र कार्यक्रम दिनांक 22.11.2025, शनिवार को संपन्न होगा। अतः आप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।
कार्यक्रम स्थल
हमारा निवास स्थान: ओम नगर, जरहाभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
शांति भोज : दोपहर 2 बजे से
श्रीमती भगवती कश्यप
विनीत : राजू कश्यप (जलवा), राजा कश्यप, गोलू कश्यप (पुत्र)
मो.: 9425543961, 9329667847, 9303062463
शोकाकुल : समस्त कश्यप परिवार
नोट: जिस किसी स्नेहीजन को शोकपत्र न मिला हो इसे ही सूचना मानें।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411